तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025



सड़कों के किनारे लगी मटके की दुकानें बताने लगी हैं कि गर्मी का मौसम आ गया है।

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

## खबर संक्षेप

### साहू बने एसडीएम बिलासपुर, कंवर को तखतपुर का प्रभार

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन की ओर से राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों का फेरबदल किया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने 4 डिप्टी कलेक्टर और संयुक्त कलेक्टर को इधर से उधर कर दिया है। वर्तमान एसडीएम पीयूष तिवारी की पदस्थापना जिला कार्यालय में की गई है, वहीं उनकी जगह संयुक्त कलेक्टर मनीष साहू को बिलासपुर एसडीएम बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर तखतपुर एसडीएम बनाए गए है। तखतपुर एसडीएम रही सुश्री डॉ ज्योति पटेल को जिला कार्यालय में पदस्थापना दी है।

### कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने निगम कर्मी के खिलाफ की शिकायत

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी के खिलाफ सोशल मीडिया फेसबुक में आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में तिफरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने नगर निगम कमिश्नर से शिकायत करते हुए निगम कर्मी पर कार्रवाई की मांग की है। इस शिकायत में कहा गया है कि नगर निगम के तिफरा जोन क्रमांक दो में पदस्थ चतुर्थ वर्ग कर्मी शिव रूसु निर्मलकर द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी खिलाफ सोशल मीडिया फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट किया गया है। एक शासकीय कर्मचारी द्वारा राजनैतिक पदाधिकारी के खिलाफ राजनैतिक टिप्पणी की गई है जो अत्यंत निंदनीय है और अनुशासनहीनता को दर्शाता है। जिलाध्यक्ष को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक पोस्ट की गई है और उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

### एयू के छात्रों ने किया प्रदर्शन, पुतला भी फूंका

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी प्रशासन के छात्र विरोधी मनमानेपूर्ण रवैये के खिलाफ गुरुवार को यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार का पुतला भी फूंका। यूनिवर्सिटी यूटीडी के छात्र-छात्राओं का कहना है कि विभिन्न विभागों में शिक्षकों की कमी है। पढ़ाई ढंग से हो नहीं रही, मुश्किल से एक-दो कक्षाएं ही लग पाती है। छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए वहां पुलिस बल भी पहुंच गई थी और पुतला दहन को लेकर पुलिस वालों एवं छात्रों के बीच झूमाझटकी भी हुई। छात्रों ने कलेक्टर के माध्यम से 10 सूत्रीय ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा है। आज के इस प्रदर्शन में सूरज सिंह राजपूत, नीरज यादव, स्वप्निल, सौरभ दुबे, आयुष खांडेकर, यशवंत, सारांश, सचिन, प्रगति, अनुराग तिवारी, प्रदीप ग्वेल, रूद्र पटेल, मयंक दुबे, मौर्य, विजित, संस्कार, निखिल, गौरव, युवराज सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### नाले का स्लैब बना जानलेवा



**बिलासपुर।** श्रीकांत वर्मा मार्ग से गुजरे नाले को ढंकने के लिए नगर निगम द्वारा कंक्रीट और लोहे के एंगल से निर्मित स्लैब बिछाया गया है, जो काफी पुराना होने के कारण जर्जर हो चुका है और आने-जाने वालों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। बरसात में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। इससे कई बार लोग चोटिल भी हो चुके हैं। इसे सुधारने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने निगम के उच्चाधिकारियों से शिकायत की है। इसे बाद भी निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# मेंटल हॉस्पिटल में डॉक्टर, स्टाफ की नियुक्ति में देर, कोर्ट ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य मानसिक चिकित्सालय में मनोरोग चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ की नियुक्ति को लेकर कई बार निर्देश देने के बावजूद देरी हो रही है। नियुक्ति में देरी को लेकर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले में मुख्य सचिव से जवाब पेश करने कहा है।

हाईकोर्ट में लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से लगातार नियुक्ति के विषय में 22 अगस्त 2024 से लेकर चार बार सुनवाई और आदेश के परिपालन नहीं होने की बात कही। वहीं मीडिया रिपोर्ट 180 मरीजों को संभाल रहे सिर्फ दो वार्ड ब्वाय को स्वतः संज्ञान में लेते हुए नाराजगी जताई है। प्रदेश के एकमात्र मानसिक चिकित्सालय में चिकित्सकों व स्टाफ की कमी को लेकर एक अन्य जनहित याचिका दायर की है। वहीं



कोर्ट ने मुख्य सचिव से शपथ पत्र में मांगा जवाब

इस मामले में दायर दो याचिकाओं की सुनवाई हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच में एक साथ चल रही है। पिछली सुनवाई दौरान राज्य शासन ने डिवीजन बेंच के समक्ष जवाब पेश किया था। इसमें जानकारी दी थी कि मानसिक रोगी चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर 200 की जा रही है। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी भी दूर करने का निर्णय लिया गया है। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों ने डिवीजन बेंच को जानकारी दी थी कि विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाएगी। गुरुवार को हुई सुनवाई में राज्य शासन के अलावा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट के समक्ष जवाब पेश किया। दोनों ही पक्षों से जवाब आने के बाद डिवीजन बेंच ने अगली सुनवाई के लिए 8 अप्रैल का समय तय किया है। उल्लेखनीय है कि 22 अगस्त 2024 के आदेश के अनुपालन में छग शासन के मुख्य सचिव का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसमें बताया गया था कि राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी में नियुक्ति सहित राज्यभर में वर्ग तीन एवं चतुर्थ के 650 पदों पर नियुक्ति की जानी है। राज्य अधिवक्ता ने कहा था कि भर्ती प्रक्रिया अभी भी प्रगति पर है जिस पर कोर्ट ने इस पूरे मामले में राज्य शासन के मुख्य सचिव से शपथ पत्र के माध्यम से जवाब पेश करने का आदेश दिया है।

## गर्भपात मामले में कलेक्टर ने पेश की रिपोर्ट, कोर्ट ने पूछा क्या कार्रवाई की

कलेक्टर ने गुरुवार को हाईकोर्ट में सिम्स में गर्भवती महिला का गर्भपात होने के मामले में जांच रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने कलेक्टर से पूछा है कि इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है।

गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व रविन्द्र अग्रवाल की डिविजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई और कोर्ट ने राज्य सरकार का पक्ष जाना। इस मामले में सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने कोर्ट को बताया कि कलेक्टर बिलासपुर के निर्देश पर डाक्टरों की गठित टीम की जांच रिपोर्ट उपलब्ध है, जिसे पेश किया गया। कोर्ट में बताया गया कि सिम्स में इलाज के दौरान प्रोटोकाल का पालन किया गया है। वहीं महिला को पहले इलाज के लिए कोटा भेजा गया था। कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला को सिम्स भेजा गया। इलाज के दौरान कोई दवाई या इंजेक्शन नहीं दिया गया है। वहीं इस पूरे मामले में कोर्ट के सामने कलेक्टर के निर्देश पर गठित की गई टीम की जांच रिपोर्ट पेश किया गया। जिस पर कलेक्टर से जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई को लेकर जवाब अगली सुनवाई में पेश करने का आदेश दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 2025 को निर्धारित की गई है।

### सिरगिट्टी, चकरभाठा, मस्तूरी में भी हो चुका है हादसा

# पेण्डारी में बेकाबू वाहन ने मवेशियों को कुचला, 8 की मौत, 3 घायल



ग्राम पेण्डारी स्थित सड़क पर मृत पड़े मवेशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी चकरभाठा के बाद बीती रात मुंगेली रोड ग्राम पेण्डारी में बेकाबू वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे बैठे मवेशियों को कुचल दिया। हादसे में 8 मवेशियों की मौत हो गई है। वहीं 3 मवेशी घायल हो गए, जिनका इलाज चल रहा है।

सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया कि रोज की तरह बुधवार की रात पेण्डारी गांव के मुख्यमार्ग में सड़क पर कतार से मवेशी बैठे हुए थे। रात 3.30 बजे अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे बैठे मवेशियों को कुचल दिया। हादसे में 8 मवेशियों की मौत हो गई है और 3 मवेशी घायल हो गए हैं। हादसे के बाद मौके पर गांववालों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। गुरूवार को मृत मवेशियों का कफन दफन किया गया है। घायल मवेशियों का इलाज चल रहा है। पुलिस गांव के लोगों से पूछताछ कर दुर्घटना करने वाले वाहन के संबंध में पतासाजी कर रही है। ज्ञात हो कि इसी तरह पिछले साल सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में सिलपहरी नेशनल हाइवे में सड़क किनारे बैठे मवेशियों को ट्रक चालक ने कुचलते हुए भाग गया था।

हादसे में 9 मवेशियों की मौत हो गई थी। पुलिस अपराध कायम जांच में जांच में लगी हुई थी। उसके बाद सिरगिट्टी चकरभाठा के बीच नेशनल हाइवे में ट्रक के ड्राइवर ने सड़क किनारे में बैठे मवेशियों को कुचल दिया था। हादसे में 16 मवेशियों की मौत हो गई थी। वहीं मस्तूरी सीपत मार्ग में सड़क किनारे बैठे मवेशियों को ट्रक ने कुचल दिया था। बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत हुई थी।

### शहर में भी सड़क पर नजर आते हैं मवेशी

तखतपुर मुंगेली व कोटा रोड़, मस्तूरी, चकरभाठा रोड़ में शाम ढलते ही सड़कों पर मवेशियों को देखना आमबात हो गई है। सड़क में मवेशियों के बैठने से कई वाहन सवार उनसे टकराकर सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं। इसी तरह शहर के प्रमुख मार्ग व मोहल्ले गलियों के सड़कों पर मवेशी आराम से घूमते रहते हैं। मवेशियों के द्वारा झगड़ा करने पर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। उसके बाद भी सड़क में घूमने वाले मवेशियों को नहीं हटाया जा रहा है।



घायल मवेशियों को अस्पताल ले जाते निगमकर्मी।

### फटकार के बाद की जा रही गश्त

सड़क हादसे में मवेशियों की मौत पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए जमकर फटकार लगाई गई थी। उसके बाद से सिरगिट्टी, चकरभाठा क्षेत्र के नेशनल हाइवे में एनएस के द्वारा गश्त कराकर सड़क में आने वाले मवेशियों को हटाया जा रहा है। उसके बाद से उस क्षेत्र में हादसा नहीं हुआ है।

### डाक्टर के घर से हीरा जड़ित दो कंगन चोरी

# सराफा व्यापारी व नौकरानी सहित पांच गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डाक्टर के घर में काम करने के दौरान हीरा जड़ित दो कंगन चोरी करने वाली नौकरानी को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ लिया गया। उसके माध्यम से कंगन गिरवी रखने व बेचने वाले व खरीददार दो सराफा व्यापारी को पकड़कर चोरी का कंगन बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- सीसीटीवी फुटेज से पकड़े गए आरोपी

तारबाहर टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया, मित्र विहार कालोनी निवासी डा. रिया माखिजा 9 से 12 जनवरी 2025 तक किसी कार्य से बाहर चली गई थीं। वे वापस लौटीं तो उनकी आलमारी से 3 लाख रुपए के 2 नग हीरा जड़ित कंगन की चोरी हो गई थी। उन्होंने घर में काम करने वाली नौकरानी सरजू बगीचा निवासी हेमा ध्रुव उर्फ खुशी पिता गावेर्धन ध्रुव 30 साल से पूछताछ की, किन्तु उसने चोरी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगाला तो वह चोरी करते नजर आ रही थी। उन्होंने फुटेज सहित चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने नौकरानी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया।

पुलिस के अनुसार नौकरानी चोरी करने के बाद पड़ोसी सरजू बगीचा निवासी करूणा राजपूत पति सीताराम राजपूत 33 साल, प्रीति सिंह राजपूत पति स्व. धीरज सिंह 47 साल को एक एक नग कंगन बिक्री व गिरवी रखने के लिए दी थी। गरूण राजपूत ने सदरबाजार स्थित संतोषी ज्वेलर्स के संचालक विजय कुमार गांधी पिता दर्शन 65 साल दयालबंद निवासी के पास 65 हजार रुपए में गिरवी रखना बताया वहीं दूसरी महिला प्रीति राजपूत ने बताया मुंगेली निवासी राजकुमार जैन के सराफा दुकान में उसके बेटे मयंक जैन के पास 40 हजार रुपए में बेचने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार हीरा जड़ित कंगन बरामद कर लिया है।

## जिलाबदर के दौरान पिस्टल के साथ पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिविल लाइन पुलिस ने जिलाबदर के दौरान सकरी के बदमाश को अपने साथी के साथ घूमते हुए पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से पिस्टल व जिंदा कारतूस मिला है। पुलिस दोनों बदमाशों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गुरूवार को सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि तालापारा में बाइक सवार दो युवक चाकू रखकर घूम रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तालापारा में घेराबंदी कर सकरी बाजारपारा निवासी गुण्डा बदमाश विक्की पाण्डेय व छोटू साहू को पकड़ लिया। पकड़े जाने पर दोनों युवक किसी तरह भागने की कोशिश करने लगे। भारी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मी दोनों को पकड़कर थाने ले आए। तलाशी लेने पर विक्की पाण्डेय के पास से पिस्टल व लोडेड एक जिंदा कारतूस मिला, जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर पिस्टल के संबंध में पूछताछ कर रही है। बताया जाता है जिलाबदर के बाद विक्की पाण्डेय बिहार चला गया था और वहीं से पिस्टल व जिंदा कारतूस खरीदकर लाया था और आराम से शहर में घूम रहा था।

ज्ञात हो कि कलेक्टर ने 6 फरवरी 2025 को आरोपी गुण्डा बदमाश विक्की पाण्डेय को 6 माह के लिए जिलाबदर किया था। उसके बाद भी वह बेखौफ शहर में पिस्टल रखकर घूम रहा था।

### गंभीरता से नहीं ले रही पुलिस

पूर्व में भी जिलाबदर के दौरान सकरी व पचपेड़ी क्षेत्र में गुण्डा बदमाश अपने अपने क्षेत्र में आराम से घूमते हुए पकड़े गए थे। जिलाबदर कार्रवाई के बाद गुण्डा बदमाश आराम से जिले में रहकर घूम रहे और पुलिस को भनक तक नहीं लग रही है। थानेदार जिलाबदर की कार्रवाई को गंभीरता नहीं ले रहे हैं, केवल नोटिस तामील कर खानापूर्ति की जा रही है।

### पूछताछ की जा रही

दो लोगों को पकड़कर उनके पास से पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। दोनों युवकों ने पिस्टल व अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद मामले का खुलासा किया जाएगा।

-**निमितेश सिंह परिहार** सिविल लाइन सीएसपी

## मतांतरण को लेकर हंगामा, तीन के खिलाफ जुर्म

**बिलासपुर।** राजेंद्र नगर में प्रार्थना सभा की आड़ में मतांतरण के लिए उकसाने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि टिकरापारा में रहने वाले प्रभा तिवारी ने प्रलोभन देकर मतांतरण के लिए उकसाने की शिकायत की है। महिला ने बताया कि निजी कारणों से परेशान लोगों को प्रार्थना के नाम पर राजेंद्र नगर चौक स्थित मकान में बुलाया जाता है। यहां उन्हें मतांतरण के लिए उकसाया जाता है। साथ ही प्रलोभन भी दिया जाता है। महिला ने बताया कि गुरुवार की शाम आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान करीब 50 से अधिक लोग मौजूद थे। प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए जियाज डेनियल, आर्शीवाद बघेल और सुहास लोगों को भड़का रहे थे। इसकी जानकारी होने पर गुरुवार को हिंदू संगठन से जुड़े लोग वहां पहुंच गए। उन्होंने विरोध किया। इधर हंगामे की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद महिला ने पूरे मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है।

### राजस्व विभाग सहित टीएनसी, नगर निगम, पीडब्लूडी व पीएम सड़क योजना से मांगी जानकारी

# नई गाइड लाइन के लिए पंजीयन विभाग कर रहा जमीन का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन के शासकीय बाजार मूल्य निर्धारण के लिए नई गाइड लाइन तैयार करने कवायद शुरू हो गई है। पंजीयन मुख्यालय से निर्देश आने के बाद पंजीयन विभाग द्वारा जमीन का सर्वे कराया जा रहा है। पंजीयन कार्यालय की ओर से राजस्व विभाग के तहसीलदार, पटवारियों से लेकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम, पीडब्लूडी व प्रधानमंत्री सड़क योजना से डेवलपमेंट एरिया, प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी मंगाई गई है।

- 31 मार्च तक प्रक्रिया पूर्ण कर 15 अप्रैल तक भेजनी होगी रिपोर्ट

पंजीयन विभाग ने जमीनों की कीमत को लेकर गाइड लाइन तैयार करने समय सीमा भी निर्धारित कर दी है और उप जिला मूल्यांकन समिति स्तर 31 मार्च तक प्रक्रिया पूरी करने कहा है। इसी तरह जिला मूल्यांकन समिति को 15 अप्रैल तक प्रस्ताव तैयार कर केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजना है। जमीनों के नई गाइड लाइन दर चार कालम के भीतर प्रस्तावित करने कहा गया है। इसमें हेक्टेयर एवं वर्ग मीटर में अचल संपत्ति मुख्य मार्ग पर स्थित, मुख्य मार्ग से अंदर है, इसको ध्यान में रखकर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। नई गाइड लाइन दर के संबंध में निर्देश आने के बाद पंजीयन कार्यालय की ओर से किन-किन जगहों पर डेवलपमेंट हो रहा है और कहां-कहां जमीन की कीमतों में वृद्धि किया जाना है, इसका सर्वे कराया जा रहा है। इसके लिए राजस्व विभाग से तहसीलदार, पटवारियों से जानकारी मंगाई गई है। पंजीयन विभाग की ओर से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम सहित पीडब्लूडी, प्रधानमंत्री सड़क योजना से भी यह जानकारी मांगी है कि उनका किसी जगह पर प्रोजेक्ट चल रहा या आने वाला है, उसके अनुसार वहां के जमीन की गाइड लाइन दर में वृद्धि की जाएगी।





### सिंचित भूमि से कम होगी असिंचित की दर

अचल संपति का बाजार मूल्य गाइड लाइन दरों का निर्धारण करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखने कहा गया है कि कृषि भूमि केवल सिंचित भूमि की दर निर्धारित की जाए एवं असिंचित भूमि की दर सिंचित भूमि से 10 प्रतिशत कम किया जाए। गाइड लाइन तैयार करते समय समूचे नगर या ग्राम को एक समष्टि मानकर स्थानों, बसाहटों का सैद्धांतिक मूल्य सापेक्ष वर्गीकरण किया जाएगा। वर्गीकरण के दर निर्धारित किए जाएंगे एवं इन दरों को सैद्धांतिक वर्गीकरण के आधार पर समतुल्य कंडिकाओं में प्रतिस्थापित की जाएगी।

### वर्ष 2017 के बाद से गाइड लाइन रेट नहीं बढ़ा

जमीन की गाइड लाइन दर बढ़ेगा या नहीं इसे लेकर बिल्डरों से लेकर कालोनाइजरों में और जमीन के कारोबारियों में उत्सुकता बनी हुई है। क्योंकि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017 के बाद से गाइड लाइन दर में वृद्धि नहीं हुई है। पिछली सरकार ने गाइड लाइन दर में 30 प्रतिशत की छूट दी थी, जिससे बिल्डर, भूमाफिया और रियल इस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा फायदा हुआ। हालांकि यह 30 प्रतिशत छूट अब समाप्त कर दी गई है।

### रिहायशी कालोनियों की चौड़ी सड़क मानी जाएगी मुख्य मार्ग

किसी रिहायशी कालोनी या मुहल्ले में 40 फीट से अधिक चौड़ाई की सड़क मुख्यमार्ग मानी जाएगी। इसके अलावा इससे कम चौड़ाई की सड़क जो दो इलाकों को जोड़ने वाली परंपरागत सड़क के रूप में प्रयुक्त होती हो, वह भी मुख्य मार्ग मानी जाएगी। रोड से लगकर स्थित व्यवसायिक काम्पलेक्स या आवासीय काम्पलेक्स के लिए केवल रोड का ही दर प्रस्तावित किया जाएगा।

### मांगी गई है जानकारी

अचल संपत्ति की नई गाइड लाइन दर के संबंध में निर्देश आने के बाद से पंजीयन कार्यालय की ओर से सर्वे किया जा रहा है। इसके अलावा राजस्व विभाग, टीएनसी, पीडब्लूडी, नगर निगम, प्रधानमंत्री सड़क योजना आदि विभागों से भी डेवलपमेंट वाले एरिया एवं प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी मांगी गई है।

**-आर स्वर्णकार**
जिला पंजीयक

20 MARCH- BSP-PG-2_Layout 1 3/21/2025 12:12 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने की उपराष्ट्रपति धनखड़ से सौजन्य भेंट



**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और लेखक उज्ज्वल पटनी भी मौजूद थे। श्री तोखन ने केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से भी मुलाकात की और शहरी बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने तथा औद्योगिक विकास में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक में सतत शहरीकरण, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और औद्योगिक विकास को आधुनिक शहरों की नींव बताया गया। विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए शहरी विकास और भारी उद्योगों के बीच समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा श्री तोखन ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी मुलाकात की और छत्तीसगढ़ में रेलवे अवसंरचना पर चर्चा की। उन्होंने बिलासपुर जोन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### अरपा की सफाई के लिए अरपा उत्थान महाअभियान कल

**बिलासपुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा अरपा नदी की सफाई करने और स्वच्छ रखने के लिए जनभागीदारी से 22 मार्च को महाअभियान चलाया जाएगा। महाअभियान नवनिर्मित रामसेतु मार्ग (नया रिवर व्यू) और शनिचरी रपटा पुल के पास चलाया जाएगा। अभियान सुबह 6 बजे शुरू होगा। इस अभियान का नाम अरपा उत्थान रखा गया है। जिसमें 2500 से अधिक लोग मिलकर अरपा नदी को स्वच्छ बनाने अपना श्रमदान करेंगे। इस अभियान में सभी शासकीय कर्मचारी समेत रेलवे, एसईसीएल के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन शामिल होंगे।

### छंदशाला का पांचवां स्थापना दिवस समारोह 23 को

**बिलासपुर।** छंदशाला का पांचवां स्थापना दिवस समारोह 23 मार्च को श्री सिद्ध बाबा अद्वैत परमहंस आश्रम बेलगहना में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य श्री श्री 108 श्री शिवानंद महाराज, लवकुश कश्यप , राजू सिंह राजपूत के आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में छंदशाला के दो रचनाकार सुषमा पाठक कृत राम बसे हर स्वर में मेरे और कामना पांडेय कृत शैल माधुरी भाग 2 का विमोचन होगा। दो साहित्यिक समितियों प्यारेलाल गुप्त सृजन पीठ रतनपुर और कविता चौपाटी से बिलासपुर का सम्मान किया जाएगा। डॉ सुनीता मिश्रा ने बताया कि आज नर्मदा नगर में स्थापना दिवस समारोह आयोजित करने बैठक की गई। जिसमें समिति के सदस्यों को कार्य वितरण किया गया। इसमें शैलेन्द्र गुप्ता, सुषमा पाठक, ओमप्रकाश आदि तैयारी में जुटे हैं।

---

एआईसीटीई एवं शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल का पांच दिवसीय आयोजन सीवीआरयू आईटीबीआई में

# आईएएस बनना आसान, पर सफल उद्यमी बनना कठिन : प्रसन्ना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित सीवीआरयू आईटीबीआई में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोगाम ऑन इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एआईसीटीई एवं शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा सीवीआरयू आईटीबीआई में किया गया। इन पांच दिनों में स्टार्टअप इकोसिस्टम के एक्सपर्ट वक्ता के रूप में शिरकत कर रहे हैं।

इस अवसर पर छग शासन उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना ने कहा कि आईएएस बनना आसान है, लेकिन एक सफल उद्यमी बनना कठिन है। उससे भी कठिन है उद्यम को स्थापित करने के बाद उसे मेंटेन करते रहना। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की जरूरत है इसके लिए सरकारी नौकरी से दूर सभी युवाओं को उद्यमी बना होगा। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के बिना यह संभव नहीं है, इसलिए हमें टेक्नोलॉजी को साथ में लेकर चलना होगा।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### छत्तीसगढ़ी संजोही और ग्रामीण प्रौद्योगिकी को सराहा

उच्च शिक्षा सचिव ने विश्वविद्यालय के छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति केंद्र, भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र, आईटीबीआई एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के उद्यमी महिलाओं को सम्मानित किया। उनके उत्पादों की प्रशंसा की। उच्च शिक्षा सचिव ने छत्तीसगढ़ी संजोही एवं भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र, प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र को सराहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्थानीयता को प्राथमिकता में रखा गया है। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय इस दिशा में कार्य कर रहा है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को कुलाधिपति संतोष चौबे द्वारा लिखित पुस्तक बिग कंट्री लिटिल बिजनेस उच्च शिक्षा द्वारा प्रदान भी किया गया।

### शिक्षक दे सकते हैं सफल उद्यमी बनने की प्रेरणा

विवि के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा की युवाओं को सबसे अधिक शिक्षक ही समझ सकते हैं। शिक्षक की बातें ही उनके जीवन में विशेष स्थान रखती है। इसलिए शिक्षक ही एक सफल उद्यमी बनने की प्रेरणा और उसकी दिशा बता सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर अरविंद तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय की मात्रा संस्था आई सेट 30 साल पहले से ही इस दिशा में काम कर रही है। वक्ता नम्रता टाटिया कंपनी सेक्रेट्री पार्टनर मेहता एंड मेहता ने स्टार्टअप के वित्तीय प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम के पहले और दूसरे दिन अन्य वक्ताओं जैसे अग्रंशु द्विवेदी, सीईओ, सीएसवीटीयू फोर्ट, भिलाई और तुषार वडेरा, फाउंडर, सेटमाईकार्ट रायपुर ने अलग अलग विषयों पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि तिवारी ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी। आभार प्रकट डॉक्टर अनुपम तिवारी ने एवं कार्यक्रम का संचालन डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ ज्योति बाला गुप्ता ने किया।

---

# एसईसीएल ने की 302 माइनिंग सरदारों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एसईसीएल ने माइनिंग सरदार भर्ती परीक्षा में सफल 302 उम्मीदवारों की नियुक्ति आदेश जारी कर दी है। 19 मार्च 2025 को एसईसीएल मुख्यालय से यह आदेश जारी कर संबंधित उम्मीदवारों को भेजा गया है।

कोयला खान विनियम 2017 के तहत माइनिंग सरदार एक वैधानिक पद है, जो खदानों के सुरक्षित और प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। माइनिंग सरदार की जिम्मेदारी होती है कि वह खान अधिनियम, विनियमों और आदेशों के पालन को सुनिश्चित करे और किसी भी उल्लंघन की जानकारी शीघ्र ही अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे। एसईसीएल ने माइनिंग सरदार के 350 पदों के लिए भर्ती अधिसूचना जारी की थी, जिसके लिए 8000 से अधिक आवेदन मिले थे। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 302 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा रही है।

एसईसीएल क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह भर्ती प्रक्रिया न केवल क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार सुनिश्चित करने में सहायक होगी, बल्कि खनन उद्योग की सुरक्षा और संचालन को भी मजबूती प्रदान करेगी। इस अवसर पर एसईसीएल सीएमडी जेपी द्विवेदी एवं निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने सफल अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### विद्यानगर में श्रीमद् भागवत कथा 23 से

**बिलासपुर।** श्रीराधा कृष्ण उत्सव सखी परिकर के तत्वावधान में नववर्ष 2082 के आगमन पर श्री निम्बार्क भवन विद्यानगर में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन 23 मार्च से किया जा रहा है। जिसमें व्यासपीठ से श्रीधाम वृन्दावन से आए चैतन्य किशोर कटारे महाराज कथामृत का रसास्वादन कराएंगे। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य सुख, शान्ति, स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति है। कथा 29 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6.30 बजे तक होगी।

---

## जीवनदीप समिति ने दी स्वीकृति



**बिलासपुर।** सेंदरी स्थित राज्य मानसिक अस्पताल में जीवन दीप समिति की बैठक हुई। बुनियादी काम और मरीजों की सुविधा से संबंधित निर्णय लिए गए। बैठक संभाग आयुक्त महादेव कावरे की उपस्थित की गई। सदस्य के तौर पर अपर कलेक्टर आर ए कुरूवंशी उपस्थित रहे। बैठक में अस्पताल में 2 डक्टिंग कूलर व 2 एलईडी टीवी खरीदने की स्वीकृति दी गई है। 200 बिस्तर अस्पताल में किचन का विस्तार, ऑटोमेटिक जनरेटर सिस्टम, सामानों के स्टोर के लिए अस्पताल शेड निर्माण, महिला योग शिक्षक रखने, चिकित्सालय में ट्रामा सेन्टर निर्माण, दो नग वॉटर कूलर तथा लगभग साढ़े 3 लाख रूपए मानसिक रोगियों के लिए दवा खरीदने का निर्णय लिया गया है। समिति ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 10 मार्च 2025 तक की अवधि में समिति को 1.97 करोड़ की आवक हुई है। इस अवधि में 1 करोड़ 8 का खर्च किया गया है। शेष 88 लाख की राशि खाते में शेष है। अस्पताल में विगत 11 माह में 31 हजार से अधिक मानसिक रोगियों का ओपीडी में इलाज हुआ है। अधीक्षक डॉ प्रभु चौधरी ने बताया कि समिति में स्टाफ की कमी को लेकर भी निर्णय लिए गए है। आगामी दिनों में पर्याप्त स्टाफ के साथ अस्पताल का कुशल संचालन किया जाएगा।

## रेलवे सुविधाओं में कर रही कटौती

**बिलासपुर।** विकास के नाम पर रेलवे लोगों की सुविधा में कटौती कर रही है। बिलासपुर डिवीजन के स्टेशनों में आरक्षित टिकट काउंटर की वर्तमान संख्या धीरे-धीरे घटती जा रही है। वहीं घटाए गए काउंटर में केवल एक कैश काउंटर रखा जा रहा है। बाकी काउंटरों में आनलाइन पेमेंट की सुविधा दी जा रही है। सीनियर सिटीजन व विकलांग काउंटरों को भी समाप्त कर दिया।

एल्डरमैन मनीष अग्रवाल ने रेलवे अधिकारियों की मनमानी का ध्यान आकर्षित करने ट्वीट व सोशल मीडिया के माध्यम से रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, जिलाधीश के माध्यम से यात्री सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पत्राचार किया गया है। इसमें कहा गया है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के अंतर्गत बिलासपुर डिवीजन में कोरबा, रायगढ़, शहडोल सहित अन्य स्थानों पर संचालित आरक्षित टिकट काउंटरों को रेलवे अधिकारियों के आदेश पर हटा दिया गया है, जो लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। रेलवे एक तरफ यात्री सुविधा की बात करती है, तो वहीं दूसरी तरफ यात्रियों को दुविधा में डालती है। सुविधा देने के उद्देश्य से रेलवे ने कई वर्ष पूर्व नेहरू चौक स्थित तहसील ऑफिस में आरक्षित टिकट काउंटर का संचालन कर रहा था। जिसे बिल्डिंग न होने का कारण बताकर बंद कर दिया गया है। वहीं कई माह से सिटी का आरक्षित टिकट काउंटर बंद है। रेलवे वेलफेयर फंड से सेक्रो मेला एवं रेलवे के उच्च अधिकारियों की सुविधा के लिए वेलफेयर फंड का उपयोग किया जाता है, लेकिन जनता की सुविधा के लिए इनके पास कागजी घोड़े दौड़ने के अलावा और कोई काम नहीं है। लोगों को सुविधा न देकर केवल परेशान करने में जुटी है।

## चौकसे कॉलेज में जॉब कैंपस 26 को

**बिलासपुर।** एमआरएफ लिमिटेड एक वैश्विक दिग्गज चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में नौकरी का अवसर प्रदान कर रहा है। भारत की सबसे बड़ी टायर निर्माता और वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध कंपनी एमआरएफ लिमिटेड के जॉब रिक्रूटमेंट कैंपस ड्राइव की मेजबानी करने जा रहा है। यह बहुप्रतीक्षित भर्ती अभियान 26 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह विशेष रूप से चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज और चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के छात्रों के लिए होगा।

एमआरएफ लिमिटेड जो चेन्नई स्थित एक भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है, टायर निर्माण उद्योग में एक अग्रणी नाम है। दशकों की विरासत के साथ यह कंपनी उच्च गुणवत्ता के लिए जानी जाती है। यह अपने उत्पादों को 90 से अधिक देशों में निर्यात करता है और वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में आयोजित यह कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव छात्रों को अपना करियर शुरु करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। चयनित उम्मीदवारों को गुजरात स्थित एमआरएफ लिमिटेड के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में लीड ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। जहां उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग का बहुमूल्य अनुभव मिलेगा। इस अवसर पर चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल, प्राचार्य डॉ. नितिन जैन और प्राचार्य डॉ. मंतोष सिन्हा ने छात्रों को अवसर का लाभ उठाने और पूरी मेहनत के साथ चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। डॉ. आशीष जायसवाल, प्लेसमेंट ऑफिसर विनोद सिंह खरसन ने बताया कि चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस लगातार राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का केंद्र बनता जा रहा है।



20- MAR- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 3/20/2025 12:00 PM Page 1


बिलासपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




समर कैंप

## बच्चों से भी हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है



**बिलासपुर।** एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में चार दिवसीय समर कार्निवल फन कैंप का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग से प्रोफेसर डॉ. राजेश्वरी गर्ग, विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एसके जनास्वामी, प्राचार्या जीआर मधुलिका, रंगमंच विशेषज्ञ अरुण भांगे, डॉ. मोनिका पाठक, नृत्य कला विशेषज्ञ आंचल पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश्वरी गर्ग ने बताया कि हमें अपने बच्चों से भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज के दौर में अच्छी आदत बहुत जरूरी है। शिक्षक को अपने विषय में पारंगत होने के साथ-साथ अन्य विषयों की भी समझ होनी चाहिए। प्रतिदिन अपने पसंद की चीज करनी चाहिए। वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ी समस्या है। चेयरमैन अजय श्रीवास्तव ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इतने कम दिनों में सब कुछ सीखना मुश्किल है, लेकिन समझ हम विकसित कर सकते हैं। साथ ही बेसिक बातों को सीखकर जीवन में आत्मसात कर सकते हैं। किसी कार्य की कुशलत उसकी निरन्तरता पर निर्भर करता है। यह चार दिवसीय कार्यक्रम केवल उस बीज डालने की प्रक्रिया है। इस दौरान उन्होंने योग और मेडिटेशन को विद्यालय की पाठ्य चर्चा में शामिल करने की बात कही। जिसमें योगा, मेडिटेशन, आर्ट, क्राफ्ट, नृत्य, फायर राकेट, थियेटर, फिल्ड क्राफ्ट ट्रेनिंग आदि शामिल होंगे। इस दौरान क्रिकेट, बॉस्केटबॉल और हैण्डबॉल जैसे मॉड्यूल का आयोजन किया गया, जिसमें सौ छात्रों ने भाग लिया। समर कैम्प में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षण पद्धतियों के साथ-साथ छात्रों के अधिगम को बेहतर बनाना है। इस चार दिवसीय समर कैम्प में रंगमंच विशेषज्ञ अरुण भांगेय ने विद्यार्थियों को रंगमंच की दुनियां से रूबरू कराया तथा उन्हें अभिनय की बारीकियां सीखाई।

### बच्चे सीखेंगे एनिमेशन व ग्राफिक्स के गुण

एरीना एनिमेशन जो कि संपूर्ण विश्व में एनिमेशन, ग्राफिक्स एवं मल्टीमीडिया शिक्षा में अग्रणी संस्थान है, गर्मियों की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए विशेष समर फिएस्टा कोर्सेस का आयोजन कर रहा है। यह अकादमी मध्य भारत की सबसे विशाल एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया शिक्षा केंद्रों में से एक है। एरीना एनिमेशन प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने जानकारी दी कि यह एकेडमी इस वर्ष अपनी स्थापना के 27 वर्ष पूरे कर रही है और छात्रों को सर्वश्रेष्ठ कंप्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसमें ग्रीष्म अवकाश को ध्यान में रखते हुए 5वीं से 11 वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष समर फिएस्टा कोर्स शुरू किए गए हैं। संदीप गुप्ता ने बताया की छात्र मल्टीमीडिया, एनिमेशन और कोडिंग के तेजी से बढ़ते क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए इन समर कोर्सेस का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते है। इस प्रथम बैच 25 मार्च से शुरू होने जा रहा है, जो कि 3 अप्रैल तक चलेगा।

स्पोर्ट्स

## दीपक सिंह के ऑल राउंड प्रदर्शन ने बिलासपुर ब्लू की टीम को जिताया



**बिलासपुर।** स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनरी एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें बिलासपुर ब्लू ने तीसरे दिन का खेल खत्म होते तक 8 विकेट खोकर 298 बना लिए थे। चौथे दिन का खेल खेला गया, जिसमें बिलासपुर ब्लू ने 82.5 ओवर में 9 विकेट खोकर 326 रन बनाकर पारी घोषित कर दी,बीएसपी के मध्य 420 रन का विशाल लक्ष्य रखा। जिसमें सनी पांडे ने नाबाद रहते हुए 66 रनों का योगदान दिया,बीएसपी की ओर से देव आदित्य सिंह ने 6 विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात बीएसपी ने 420 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए 67.2 ओवर में 303 बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। जिसमें संगीत सोनी ने 90 रन बनाए और देव आदित्य सिंह में 56 रनों का योगदान दिया योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए दीपक सिंह बघेल और श्रेयम सुंदरम ने तीन तीन विकेट प्राप्त किए और प्रवीण कुमार यादव को 2 विकेट प्राप्त हुए। इस मैच में ऑल राउंड प्रदर्शन करते हुए दीपक सिंह के दो अर्धशतक के साथ 145 रन और 3 विकेट प्राप्त किया।इस तरह बिलासपुर ब्लू ने बीएसपी को 116 रनों से हराकर 6 अंक प्राप्त किए। बिलासपुर ब्लू दूसरा मैच बीएसपी के सैक्टर 10 मैदान में 22 मार्च को जांजगीर - चांपा के मध्य खेलने उतरेगी। मैच के निर्णायक विशाल सिंघानिया और जिगर बावरिया हैं स्कोरर अविनाश भारद्वाज और ऑब्जर्वर अजय तिवारी है। बिलासपुर ब्लू के कोच सुशांत शुक्ला है।



आयोजन

## आई किड्स किंडम कार्निवाल आज से शुरू, बच्चे दिखाएंगे अपना टैलेंट

**बिलासपुर।** करबला रोड स्थित आई किड्स किंडम स्कूल में आज से तीन दिवसीय कार्निवाल की शुरुआत हो रही है, जहां 2 से 5 साल तक के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। इस आयोजन में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता, एक्सपेरिएंशल फॉनिक क्लास फॉर पैरेंट्स, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता, हेल्थ चेकअप, वाटर पूल एक्टिविटी, ऐड-मैड शो प्रतियोगिता, टैलेंट शो प्रतियोगिता और पेरेंटिंग टॉक एंड टिप्स जैसी रोचक गतिविधियां शामिल होंगी। शाम 4 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में एंट्री पूरी तरह फ्री है, जहां बच्चों को आकर्षक उपहार जीतने का मौका भी मिलेगा। आयोजकों के अनुसार, इस कार्निवाल का उद्देश्य नन्हें बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर देना है।




गुरु घासीदास केंद्रीय विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के मार्गदर्शन में 20 मार्च को भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत 17 वां राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लखनलाल साहू रहे। निर्णायक हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. दिनेश चहल तथा स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. यूके श्रीवास्तव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी कुलपति प्रो. अमित कुमार सक्सेना ने की। मंचस्थ अतिथियों में विवि के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राजेंद्र कुमार मेहता थे।

### सीयू में 17वें राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन

# युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को समझना और जानना चाहिए

**बिलासपुर।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने कहा कि युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को समझना और जानना चाहिए। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को संसदीय कार्य प्रणाली तथा भारत गणराज्य की लोकतांत्रिक परंपरा से अवगत कराते हैं।

युवाओं को अपनी कथनी और करनी में समानता रखनी चाहिए जिससे उनके नेतृत्व की स्वीकार्यता में वृद्धि होगी। निर्णायक प्रो. दिनेश चहल ने कहा कि युवा अनुशासन एवं स्थापित व्यवस्था के अनुरूप कार्य करें जिससे उनके नेतृत्व कौशल में निखार आएगा। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र का सबसे मजबूत पक्ष सबको साथ लेकर चलना तथा विचारों का सम्मान करना है। प्राचार्य प्रो. यू.के. श्रीवास्तव ने कहा कि युवाओं ने संसदीय कार्यप्रणाली को सजीव रूप में प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया। प्रभारी कुलपति प्रो. अमित कुमार सक्सेना ने युवा विद्यार्थियों को संसद की कार्रवाई देखने के लिए प्रेरित किया।




### अविश्वास प्रस्ताव को सरकार ने ध्वनिमत से जीत लिया

इससे पूर्व संसद की कार्रवाई पूरे विधान के साथ आयोजित की गई जिसमें लोकसभा स्पीकर तेजस्विनी बांधे, प्रधानमंत्री शाश्वत शुक्ला तथा विपक्ष के नेता के रूप में अलंकृता मिश्रा ने भूमिका निभाई। विपक्ष ने सरकार को प्रश्नकाल एवं शून्यकाल के दौरान आवास, रेलवे, बिजली, किसान और रक्षा के मुद्दों पर घेरा। सभी सवालों के सरकार ने आंकड़ों के साथ जवाब दिए। विपक्ष द्वारा सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को सरकार ने ध्वनिमत से जीत लिया।

## राधा-कृष्ण के प्रसंग पर भाव विहोर हुए श्रद्धालु



### तीन दिवसीय बृज संवाद व संत समागम का समापन

**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल मंदिर झूलेलाल नगर चकरभाटा के संत सांई लाल दास के 25वें गद्दीशीन के अवसर पर तीन दिवसीय बृज संवाद एवं संत समागम के समापन पर देवी चित्रलेखा ने भक्तों के संग ब्रिज की होली खेली। कथा में राधा-कृष्ण की मनोहारी प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विहोर हो गए।

ग्राम रहंगी में पूरे तीन दिन तक भक्ति की गंगा बही। इसका छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली संत महात्मा सहित अन्य श्रद्धालजनों ने पुण्य लाभ लिया। कथा वाचक देवी चित्रलेखा ने भगवान श्याम सुंदर और राधा-कृष्ण के ऐसे-ऐसे प्रसंग व भजन सुनाया कि भक्तजन भाव विभोर हो गए। उन्होंने इस भक्ति रस कार्यक्रम में लोगों को निरंतर बांधे रखा। उन्होंने एक सिंधी भजन भी गया और बताया कि वह जहां जाती है वहीं रंग जाती है। बंगाल में बंगाली, गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी गीत, भजन जरूर गाती है। देवी चित्रलेखा ने भक्तों के संग ब्रिज की फूलों की होली खेली। भजन भी गाती रहीं। इससे भक्त झूमते नजर आए। उन्होंने सभी को वृंदावन आने को भी कहा। आखिर में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

इस पूरे कार्यक्रम का सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। हजारों की संख्या में घर बैठे लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में बाबा गुरमुख दास सेवा समिति, श्री झूलेलाल महिला सखी सेवा ग्रुप, सिंध महिला मंडल, पूज्य सिंधी पंचायत चकरभाटा, बोदरी नगर पालिका की अध्यक्ष व पार्षदों का विशेष सहयोग रहा।

**देवी चित्रलेखा ने खेली भक्तों के संग बृज की होली**

### इन्होंने देवीजी से लिया आशीर्वाद

बिलासपुर सिंधी युवक समिति के अध्यक्ष मनीष लहोरानी, कैलाश मलघानी, अमर बजाज, मनोहर खटवानी, मोहन मंदवानी, राजेश, धीरू छुघानी ने संत लाल सांई का स्वागत कर देवी चित्रलेखा का आशीर्वाद लिया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री पवन साय, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, भाजपा नेता भूपेंद्र सवन्नी, नेत्र विशेषज्ञ डॉ ललित माखीजा, मेहर दरबार कटनी के सांई पप्पू, पं. अमर कृष्ण शास्त्री सहित अन्य संत, महात्मा उपस्थित थे। जिनका संतलाल सांई ने सम्मान किया।

## चहल के अल्फाज कृति का विमोचन

### समारोह में साहित्यकारों का हुआ सम्मान



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बिलासपुर ने पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन साहित्यकार डॉ. विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य, डॉ. एस. एल. निराला प्राचार्य की अध्यक्षता एवं डॉ. चंद्रभूषण वाजपेई सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति के विशिष्ट आतिथ्य में किया। इसमें अतिथियों ने साहित्यकार हीरा सिंह चाहिल की कृति चहल के अल्फाज काव्य संग्रह का विमोचन किया।

शास. जमुना प्रसाद वर्मा कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय जरहाभाठा के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। सरस्वती वंदना रामनिहोरा राजपूत ने प्रस्तुत किया। अतिथि स्वागत पश्चात इकाई अध्यक्ष अंजनी कुमार तिवारी सुधाकर ने स्वागत भाषण दिया। विमोचन पश्चात कृतिकार का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। मुख्य अभ्यागत डा. पाठक ने कृति की सराहना करते हुए कहा कि कृतिकर ने अपनी कृति में मां के प्रति श्रद्धा और भक्ति को अभिव्यक्त किया है, जो वंदनीय है। डा. वाजपेई ने कहा कि कृतिकार हीरा सिंह ने अपने काव्य संग्रह से अपने नाम को प्रतिपादित किया है, लेखक ने अपनी विकलांगता को ईश्वर का वरदान कहा है। डा. निराला ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कृतिकार ने अपनी विकलांगता को वरदान मानते हुए उत्कृष्ट साहित्य चहल के अल्फाज के रूप में समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है, जो पठनीय है। इस मौके पर सुधी श्रोता एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा. विवेक तिवारी एवं आभार प्रदर्शन इकाई उपाध्यक्ष पूर्णिमा तिवारी ने किया।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ साहित्यकार अमिता रवि दुबे, बसंत पांडेय ऋतुराज, सनत कुमार तिवारी, डा. राघवेंद्र दुबे, शोभा चाहिल, जीनत मृगनयनी का साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान हेतु शॉल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बाजे-गाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**बिलासपुर।** देवांगन परिवार द्वारा नर्मदा भवन पचरीघाट जूना बिलासपुर में गुरुवार से श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। इसके शुभारंभ अवसर पर बाजे-गाजे के साथ एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो कि पचरीघाट, किलावार्ड का भ्रमण करने के बाद कथा स्थल पहुंच कर समाप्त हुई।

**नर्मदा भवन पचरीघाट में श्रीमद भागवत शुरू**

कथा व्यास पं. महेश तिवारी नगोई ने भागवत पूजा, प्रतिष्ठा करा कर भागवत महात्म पर प्रकाश डाला। शुक्रवार 21 मार्च को नारद चरित्र, वराह अवतार, शनिवार 22 मार्च को कपिल उपाख्यान, शिव सती व ध्रुव कथा, रविवार 23 सितंबर को वामन अवतार व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर कथा होगी। कथा के मुख्य यजमान सुमेंद व ईश्वरी देवांगन हैं। गुरुवार 27 मार्च को गीता पाठ, विष्णु सहस्रनाम, तुलसी वर्षा, हवन, तर्पण, सहस्रधारा स्नान के बाद पूर्णाहुति होगी। शाम 5 बजे ब्राम्हण भोज के बाद 6 बजे से भंडारा किया जाएगा। नित्य कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक नित्य पूजन, श्री लक्ष्मी यज्ञ होगा। दोपहर ढाई से शाम सात बजे तक कथा होगी। अंत में संध्या आरती कर भजन गाए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने ध्रुव रामप्यारी देवांगन, झलेश्वर रानी देवांगन का सक्रिय हैं।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई रंगपंचमी, खूब उड़े रंग



**बिलासपुर।** विकास नगर 27 खोली में श्री गुरु तेग बहादुर उमाशाला परिसर में पार्षद नितिन पटेल व कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, भाजपा नेता अजीत सिंह भोगल, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण कश्यप सहित वार्ड के कार्यकर्ताओं ने रंग गुलाल खेलकर होली व रंग पंचमी मनाई। सभी ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर फाग का आनंद लिया। इस अवसर पर ठंडाई का भी आनंद लिया। समारोह में अमित चतुर्वेदी, पार्षद अंजनी कश्यप, युवा मोर्चा के अध्यक्ष वैभव गुप्ता, महिला मोर्चा की श्रद्धा तिवारी, मीनाक्षी यादव, सरिता ठाकुर, बबीता वाडेकर, अंजना वर्मा, श्वेता पांडे, सरिता खांडेकर, सीमा यादव, सुभाष तिवारी, अरुण लसकर, पंकज जयसवाल, बाबू राजपूत, नीरज सिंह ठाकुर, गुलशन खांडेकर, अमरदेव भगत, त्रिलोचन सिंह, सुखविंदर सिंह, बिट्टू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

## निविता जलान बनीं मूर्खाधीराज



गुरूवार को जेल रोड में लेडिज क्लब के द्वारा होली होलिका उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति में गेम के माध्यम से निविता जलान को मूर्खाधीराज चुना गया। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष वंदना मिश्रा एवं नमिता वाजपेई के द्वारा कराया गया। इस दौरान सावित्री जायसवाल ने स्वल्पाहार व गेम की व्यवस्था की थी।

## महिलाएं नगाड़ों की थाप पर झूमी



परशुराम महिला ब्राह्मण कल्याण समिति ने होली मिलन का कार्यक्रम द्वारकाधीश मंदिर में किया। महिलाओं ने होली फाग गाकर ढोल नगाड़ों में जमकर झूमा। इस मौके पर महिलाओं की बड़ी संख्या रहीद्ध। संस्थापिका राज्यश्री मिश्रा,अध्यक्ष नंदनी दुबे, रेखा पांडे, शोभा मिश्रा, रश्मि शुक्ला, रीता तिवारी, कृष्णा पांडे, उमा त्रिपाठी, उमा शर्मा, शोभा त्रिपाठी, पिंकी तिवारी, सुलेखा शर्मा, अनु अवस्थी, संध्या चतुर्वेदी, सुषमा पांडे, संगीता शर्मा, शीलू चतुर्वेदी, सरोज मिश्रा, सीमा पांडे सहित महिलाएं उपस्थिति रही ।

## होली मिलन में परिचालकों का सम्मान, एक-दूसरे को लगाया रंग



होली मिलन एवं हास्य कवि सम्मेलन में एक शाम अपनों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रबंधक डॉ.पीसी त्रिपाठी रहे। इस दौरान युवा परिचालकों द्वारा सेवानिवृत्त वरिष्ठ परिचालकों का रंग गुलाल लगाकर सम्मान किया। साथ ही संतोष पटेल को विश्व के सबसे बड़े मजदूर संगठन भारतीय रेल मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री बनने पर सम्मानित किया गया। होली मिलन एवं हास्य कवि सम्मेलन के दौरान प्रेरणादायक कविता व हास्य व्यंग की प्रस्तुति दी गई। जिसमें रंजीत किशोर, एपी अशोक और आरके वस्त्रकार ने खूब सुर्खियां बटोरी। बिहारी लाल, अर्जुन कुमार अख्श व शांतनु चटर्जी ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी। मंच का सफल संचालन करते हुए कमलेश सिंह ने अपनी कविता से वरिष्ठजनों के सम्मान में कहा कि दीप से आपकी आरती उतार लेंगे, उम्मीद हैं कि आप अपनी दुआओं से हमारी नजर उतार लेंगे। इस अवसर पर यूआर मरावी, श्याम कुमार आदि मौजूद थे।

haribhoomi.com
हरिभूमि बालभूमि
शुक्रवार
21 मार्च 2025
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित



विशेष : विश्व जल दिवस, 22 मार्च

बच्चो, हम हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाते हैं। जल का हमारे जीवन में क्या महत्व है, विश्व जल दिवस हम किन उद्देश्यों को लेकर मनाते हैं, इस बारे में तुम्हें जरूर जानना चाहिए।

# जीवन है जल आओ करें संरक्षित



अवेयरनेस / शिखर चंद जैन

बच्चो, जीवन के लिए हवा, भोजन और पानी तीनों बहुत जरूरी हैं। हम तभी जीवित रह सकते हैं, जब सांस लेने के लिए हवा मिले, पेट भरने के लिए भोजन और प्यास लगने पर पानी मिले। पृथ्वी पर अगर पानी न हो तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बच्चो, इस संदर्भ में तुम्हें यह भी जानकारी होनी चाहिए कि हमारी पृथ्वी का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा जल से भरा है, लेकिन हम जो पानी उपयोग कर सकते हैं, वह पृथ्वी पर मौजूद पानी का एक प्रतिशत से भी कम हिस्सा है, जिसे हम मीठा पानी कहते हैं। यह स्वच्छ और मीठा पानी दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। आज इसके संरक्षण की बहुत आवश्यकता है।

## विश्व जल दिवस की शुरुआत



जीवन के लिए जल के महत्व को समझते हुए और विश्व में लगातार स्वच्छ और पेय जल की कमी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र यानी यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया। 22 मार्च 1993 को पहला विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाया गया। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

## हर साल रहती है एक थीम

यूनाइटेड नेशंस के संगठनों के परामर्श से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस की एक थीम रखी जाती है। 2025 की थीम है-ग्लेशियर संरक्षण। बच्चो, तुम्हें पता होगा कि ग्लेशियर दुनिया में मीठे पानी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत है। भविष्य में हमारे सामने जल संकट न आए, इसके लिए इन ग्लेशियरों का बचा रहना बहुत जरूरी है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और अन्य कई कारणों से ये ग्लेशियर बहुत ही तेजी से पिघल रहे हैं। 'ग्लेशियर संरक्षण' थीम दुनिया के ग्लेशियरों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देगी। हम अपने ग्लेशियरों को कैसे बचाएं, इसके लिए लोगों को जागरूक करेगी।

## क्या हैं इसके उद्देश्य

अब विश्व जल दिवस के उद्देश्यों की बात करते हैं। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं-सभी को पीने योग्य साफ मीठा पानी मिले। इसके लिए पानी को सही तरीके से साफ किया जाए। पानी को जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किया जाए। पानी की बर्बादी को रोका जाए। इसके साथ ही हम ऐसे नेचर-फ्रेंडली कदम उठाएं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग कम हो।

## क्या-क्या होता है आयोजन में

विश्व जल दिवस के अवसर पर दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरणविद और नीति निर्माता, समुदाय और संगठन जल संकट और इसके समाधान के उपायों पर चर्चा करते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी जल संरक्षण और प्रबंधन पर सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्थानीय समूह और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) नदियों, झीलों और अन्य जल निकायों (वाटर बॉडीज) की सफाई करते हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े सेलिब्रिटीज लोगों को पानी की बर्बादी न करने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। *

## जल संरक्षण के लिए तुम भी करो प्रयास



**बच्चो, तुम** भी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो, जैसे-

- घर में पानी के उपयोग न होने पर नल बंद कर दो।
- अपने दोस्तों को भी जल बचाने के महत्व के बारे में बताओ।
- जल संरक्षण के बारे में जरूरी फैक्ट और इसका महत्व आकर्षक पोस्टर और वीडियोज बनाकर लोगों को बताओ।
- किसी एनजीओ या संगठन से वॉलंटियर के रूप में जुड़कर अपने आस-पास की प्रदूषित नदियों, झीलों और समुद्र तटों को साफ करने के कामों में अपना योगदान दो।



कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पानी

जिस पृथ्वी पर रहते हैं हम
उसकी अजब कहानी है।
एक भाग पर स्थल इसके
तीन भाग पर पानी है।
'लेवोइजो' ने बतलाई
तब सारी दुनिया जानी।
कैसे बनता, कहां से आता
क्या होता है यह पानी।
वैज्ञानिक कहते-पानी है
दो गैसों का संयोजन।
दो हिस्सा हाइड्रोजन होता
एक भाग है ऑक्सीजन।
यों तो हम जिस ओर भी देखें
बस जल ही जल फैला है।
लेकिन उसमें से ज्यादातर
प्रदूषित और मैला है।
साफ, स्वच्छ पानी छोड़े
कपड़े, बरतन पर दाग नहीं।
रंगहीन होता है,
इसमें गंध नहीं और स्वाद नहीं।
प्रदूषित पानी में कुछ
रोगाणु हैं होते मिले हुए।
घातक खनिज रसायन ढेरों
इसके अंदर घुले हुए।
बात साधारण, नहीं जानते
पर इसको बहुतेरे लोग।
गंदा पानी पीने से ही
हो जाते हैं ढेरों रोग।

जानकारी / नयनतारा

बच्चो, दूध पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी है। इसीलिए इसे 'कंप्लीट फूड' भी कहा जाता है। इंसान ने गाय के दूध दुहने की शुरुआत कब से की, दूध के प्रमुख स्रोत क्या हैं, जानो।

# गाय के दूध की कब से हुई शुरुआत



बच्चो, दूध तो तुम सभी पीते होगे, लेकिन क्या तुम्हारे मन में कभी ये सवाल आया कि दुनिया में सबसे पहले गाय के दूध यानी काऊ मिल्क का इस्तेमाल कब किया गया? या फिर काऊ मिल्क के उपयोग का सबसे पुराना साक्ष्य कब का मिलता है?

**हजारों सालों से उपयोग हो रहा गाय का दूध:** मान्यताओं के अनुसार गाय के दूध का प्रयोग मानव सभ्यता के आदिकाल से किया जाता रहा है। साक्ष्यों की बात करें तो प्राचीन नगर बेबीलोन (वर्तमान इराक देश) के निकट लगभग पांच हजार साल पुराना एक मंदिर खोजा गया है। मंदिर की दीवारों पर अनेक चित्र उकेरे हुए हैं। एक चित्र में लोगों को गाय का दूध निकालते हुए दिखाया गया है।

**चित्र में क्या दिखाया गया है:** बेबीलोन के मंदिर से प्राप्त चित्र में एक व्यक्ति पीछे की तरफ से दूध निकाल रहा है, वह एक स्टूल जैसी चीज पर बैठा हुआ है। अन्य व्यक्ति जमीन पर रखे कंटेनर में दूध ले रहे हैं। एक तीसरा समूह पत्थर के विशाल जारों में निकाले गए दूध को एकत्र कर रहे हैं। इस चित्र से ऐसा प्रतीत होता है कि हजारों साल पहले भी गाय से दूध निकालने, इसके इस्तेमाल करने के साथ-साथ गाय के दूध का व्यापार भी काफी संगठित था।

**आधुनिक युग में दूध के प्रमुख स्रोत:** आज जो दूध हम इस्तेमाल करते हैं, उसका प्रमुख स्रोत गाय के अलावा भैंस, बकरी आदि जंतु भी हैं। इसके अलावा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वहां पाए जाने वाले अन्य जानवरों के दूध का भी प्रयोग किया जाता है। जैसे-एशिया महाद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर गाय-भैंस के अलावा ऊंटनी, घोड़ी, याक और भेड़ जैसे जानवर भी दूध के प्रमुख स्रोत हैं। बर्फीले इलाकों में रहने वाली एस्किमो और लैपलैंडर्स जनजाति दूध के लिए कारिबोऊ और रेनडियर का उपयोग करते हैं। हमारे भारत और सेंट्रल एशिया के देशों में गाय के साथ-साथ भैंस भी दूध का प्रमुख स्रोत है। *

### दूध है कंप्लीट फूड



**बच्चो, दूध** को संपूर्ण भोजन यानी 'कंप्लीट फूड' कहा जाता है। इसमें कई सारे पौष्टिक तत्व एवं न्यूट्रीएंट्स, जैसे-कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन, मिल्क शुगर (लैक्टोज) और मिल्क प्रोटीन (कैसीन) आदि पाए जाते हैं। दूध आसानी से पच जाता है, इसलिए ये तत्व हमारे शरीर में जल्दी और सही ढंग से एब्जॉर्ब हो जाते हैं। इसलिए बच्चो हमें रोज दूध पीना चाहिए।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशप्रेम की रोमांचक कहानी



बच्चो, 'ये देश हमारा है' देशप्रेम की भावना जगाने वाला एक रोचक-रोमांचक बाल उपन्यास है। इसमें पांच एनसीसी कैडेट्स सक्षम, अक्षय, हार्दिक, आराध्या और मान्यता ट्रेनिंग कैंप के लिए सेना के अधिकारी कैप्टन ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ हिमालय के सीमावर्ती इलाके में जाते हैं। लेकिन वे सब जिस हेलीकॉप्टर में जा रहे होते हैं, उसका एक्सीडेंट हो जाता है। उनकी जान तो बच जाती है लेकिन वे घने जंगल में फंस जाते हैं। वहां दुश्मन देश के सैनिक कैप्टन वर्मा को पकड़ लेते हैं। फिर उन्हें छुड़ाने के लिए सक्षम किस बुद्धिमानी से उन सबका पीछा करता है? कैसे पांचों बहादुर बच्चे जंगल के निवासियों की मदद से देश के दुश्मनों के गुप्त अड्डे का पता भारतीय सेना को बताकर अदम्य साहस का परिचय देते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह रोमांचक उपन्यास पढ़ना होगा। पांच बच्चों की देशभक्ति और साहस से भरी यह कहानी पढ़कर तुम्हारे मन में भी अपने देश के लिए कुछ करने की भावना प्रबल हो उठेगी।

**किताब:** ये देश हमारा है (बाल उपन्यास), **लेखक:** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

हिंदी ज्ञान / आशा शर्मा

बच्चो, निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के रिक्त स्थनों में एक ही शब्द भरा जाएगा। उस उपयुक्त शब्द को भरकर इन मुहावरों/लोकोक्तियों को पूरा करो।

1. ........ का धुला होना।
2. ........ का ........ और पानी का पानी करना।
3. ........ के दांत टूटना।
4. ........ का जला छाछ भी फूंक कर पीता है।
5. ........ दही की नदियां बहना।
6. छठी का ........ याद आना।
7. ........ के कुल्ले करना।
8. ........ में खट्टड़ डालना।

[illegible]

## जीके क्विज-146

1. फरवरी 2025 के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?
2. हाल ही में किस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वन-डे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की?
3. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन-सा है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
6. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?
7. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
8. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
9. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
10. झारखंड की राजधानी कहां है?




बच्चो, जीके क्विज-146 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-145 का उत्तर :** 1.होलिका, 2.बरसाना (मथुरा), 3.न्यूजीलैंड, 4.गुजरात, 5. 22 मार्च, 6.अचंता शरत कमल, 7.तमिलनाडु, 8.जयपुर, 9.बांग्लादेश, 10.पेरिस

**जीके क्विज-145 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, डॉली-दुर्ग, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिशा-बेमेतरा, कुणाल-रोहतक

# कौए को भाया काला रंग



एक दिन कौआ बहुत उदास था। उसकी इस उदासी की वजह थी-उसके पंखों का काला रंग। लेकिन जब कई पक्षियों ने आकर कौए को अपनी-अपनी आपबीती सुनाई तो उसे लगा कि उसका काला रंग सबसे अच्छा है। इन पक्षियों ने ऐसी क्या आपबीती कौए को सुनाई, जो उसे अपना काला रंग भा गया?

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कौआ पेड़ की डाल पर चुपचाप बैठा था। उसके काले-चमकीले पंख धूप में चमक रहे थे। लेकिन उसे अपने पंखों का काला रंग पसंद नहीं था। इसलिए वह उदास था। तभी बगल की डाल पर एक गौरैया आकर बैठ गई। पहले तो कौए ने उधर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब एकाएक उसकी नजर गौरैया के पंखों पर पड़ी तो वह चौंक पड़ा! उसके पंखों में गुलाबी रंग लगा हुआ था। कौआ हंस पड़ा, उसने पूछा, 'अरे! तुम्हारे पंखों को यह क्या हुआ?'

गौरैया कुछ नहीं बोली। उदासी से मुंह लटका लिया। कौए को हैरानी हुई, वह बोला, 'तुम इसे साफ क्यों नहीं कर लेतीं?'

गौरैया उदास स्वर में बोली, 'मैंने बहुत कोशिश की। धूल में लोट-पोट मचाई। पोखर में छपछैया की, लेकिन जाने कैसा रंग है, छूटता ही नहीं। अब तो इन पंखों के झड़ने का इंतजार कर रही हूं, तभी इससे छुटकारा मिलेगा।' 'पर यह रंग लगा कैसे?' कौए को जिज्ञासा हुई। 'दरअसल...।' गौरैया ने बताया, 'तुम्हें तो पता ही है कि मैं इंसानों के बीच रहना पसंद करती हूं। एक दिन मैं एक घर की मुंडेर पर बैठी थी। मुझे आंगन में कुछ दाने पड़े दिखाई दिए।

भूख तेज लगी थी। मैंने आव देखा न ताव, दानों पर झपट पड़ी। जैसे ही मैंने चोंच मारी कि 'खट' की आवाज हुई और चारों तरफ अंधेरा छा गया।' 'अरे...!' कौआ हैरानी से बोला। 'हां, असल में कुछ शरारती बच्चों ने एक डलिया को लकड़ी के सहारे टिका रखा था और लकड़ी को रस्सी से बांधकर छिप गए थे। मैं दानों के चक्कर में जैसे ही अंदर पहुंची कि उन्होंने रस्सी खींच ली और मैं डलिया के अंदर बंद हो गई। फिर वे मुझे पकड़ कर बहुत देर तक मेरे साथ खेलते रहे। जब मन भर गया तो मेरे पंखों पर रंग लगाकर छोड़ दिया।' गौरैया ने बताया।

'पर उन्होंने ऐसा क्यों किया?' कौए ने पूछा। गौरैया ने वजह बताई, 'वे कह रहे थे कि मैं जहां कहीं उड़ती दिखूंगी तो वे मुझे पहचान लेंगे।' गौरैया अपनी कहानी बताकर चली गई। तभी दो कबूतर उड़कर उधर आ बैठे। उनमें एक के माथे पर नीला और दूसरे के लाल रंग का धब्बा लगा हुआ था। 'क्या तुम्हें भी शरारती बच्चों ने पकड़ लिया था?' कौए ने उत्सुकता से पूछा।

'नहीं तो..!' दोनों कबूतर एक साथ बोले। 'तो फिर तुम्हारे माथे पर रंग कैसे लगा हुआ है?' कौए ने जानना चाहा।

'यह तो हमारे मालिक ने लगाया है ताकि वे हमें पहचान सकें।' लाल धब्बे वाले कबूतर ने दुख के साथ बताया।

'हम दोनों पक्के दोस्त हैं, लेकिन बड़ी मुश्किल से मिल पाते हैं। हम दोनों के मालिक अलग-अलग हैं। वे हमें मिलने ही नहीं देते।' नीले धब्बे वाले कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए कहा। 'चलो, अब अपने दड़बे में वापस लौटने का समय हो गया है। वर्ना हमारे मालिक हमें ढूंढ़ते हुए यहां भी आ पहुंचेंगे।' यह कहते हुए दोनों कबूतर अपने पंखों से 'सन-सन-सन' आवाजें निकालते हुए वापस चले गए। कबूतरों के जाते ही एक बगुला हांफता हुआ उधर आ गया। उसके पंखों पर कीचड़ और काई जमी हुई थी।

कौए ने पूछा, 'बगुले भाई, तुम्हारे पंख कैसे गंदे हो गए?' बगुला उबासी लेता हुआ बोला, 'मैं दिन भर काई भरे कीचड़-पानी में रहता हूं। बिना हिले-डुले चुपचाप खड़े रहने से पंखों पर गंदगी चढ़ जाती है। इसीलिए मेरे पंख गंदे रहते हैं।' 'लेकिन पानी से धोने पर ये साफ भी तो हो सकते हैं।' कौए ने कहा।

'हां, पर कीचड़ में घुसने पर फिर लग जाती है। इसलिए मैं इसे साफ करने की तरफ ध्यान ही नहीं देता।' कहकर बगुला धीमे से हंसा और वहां से चला गया। कुछ ही देर में वहां सतभैये आकर चहचहाने लगे। कौए ने ध्यान से देखा तो एक का रंग बिल्कुल पीला हो रहा था। कौए ने सोचा शायद वह इन सबका लीडर होगा। लेकिन जब कौए ने पूछा तो उसने बताया, 'एक बार हम लोग एक घर के आंगन में उछल-कूद मचा रहे थे। आंगन में खाने-पीने की चीजें सूखने को रखी थीं। हल्दी का पावडर भी रखा था। अचानक एक बिल्ली हम पर झपट पड़ी। बिल्ली का हमला देखकर सब तो भाग लिए पर मैं हड़बड़ी में हल्दी के टोकरे में जा गिरा। वह दिन है और आज का दिन, पंखों से यह रंग उतरता ही नहीं।'

उसकी बात पर चहचहा रहे सतभैये चुप हो गए। फिर उनमें से एक ने कौए के पंखों की ओर देखते हुए कहा, 'लेकिन तुम्हारे पंखों का रंग सबसे अच्छा है। काले रंग पर कोई दूसरा रंग चढ़ ही नहीं सकता।' 'हां, मुझे अपना काला रंग पसंद है।' कौए ने कहा और खुशी से अपने पंख फैला दिए। उसके पंखों पर सुनहरी धूप चमकने लगी। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## बसंत के दिन आए...

सूरज प्रतिदिन नियम बनाकर
उगता है फिर ढल जाता है।
चंदा तारों के संग मिलकर
आसमान को दमकाता है।
सूरज की किरणें आती हैं
पत्ती-पत्ती खिल जाती है।
चंदा की किरणों से मिलकर
खड़ी कुमुदिनी मुस्काती है।
मौसम बदला, सूरज मचला
बड़ी-बड़ी बांहें फैलाए।
छू-मंतर हैं जाड़े के दिन
अब बसंत के दिन आए।
पीली सरसों फुली हुई हैं
पीली हुईं दिशाएं सब।
नया बौर आमों में आया
भौंरे गुन-गुन गाएं अब।
फूला-फूला 'तीसी' का मन
चना-मटर की बजीं तालियां।
मस्त-मगन हो झूम रही हैं
गेहूं की सब हरी बालियां।
दूर-दूर तक खुले खेत में
हवा नाचती छम-छम-छम।
सोंधी-सोंधी खुशबू फैली
जिसमें डूब गए हैं हम।

## रंग भरो-171

**रंग भरो-171** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






रितेश, मटियारी



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



सौम्य, बालोद



तक्षित, बिलासपुर



कुंजल, कोरबा



बेबी, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आलोक-दुर्ग, भावना-भिवानी, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितिका-बिलासपुर, समृद्धि-चांपा, वेदिका-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, अमन-बिलासपुर, स्वीटी-कोरबा

## रंग भरो 172

बच्चो, यहां जंगल में मस्ती करते कुछ एनिमल्स का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ की बैठक आज

**लगरा।** जिला साहू संघ का बैठक 21 मार्च को सुबह 11 बजे भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन खमतराई में आयोजित की गई है। बैठक में होली मिलन, भक्त माता कर्मा जयंती तथा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह आदि के संदर्भ चर्चा की जाएगी। बड़ी संख्या में बैठक में शामिल होने स्वजातीय बंधुओं से अपील की गई है। यह जानकारी जिला महामंत्री पप्पू साहू ने दी।

### छत्तीसगढ़ यूट्यूब संगठन के जिला अध्यक्ष बने राजेंद्र



**बोदरी।** छत्तीसगढ़ यूट्यूब संगठन की एक विशेष बैठक में बिलासपुर जिला के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में न्यूज-30 लाइव के संचालक राजेंद्र साहू को संगठन की ओर से बिलासपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। छत्तीसगढ़ की जनसंख्या से जुड़े गंभीर मुद्दों को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के बीच लाने में यूट्यूब की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस क्रम में प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े लोग छत्तीसगढ़ के कई विषयों को लेकर लगातार सोशल मीडिया में सक्रिय रहे हैं। संगठन की बैठक में यूट्यूब से संबंधित समस्याओं का भी निराकरण किया जाता है। साथ ही प्रतिवर्ष सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाता है। इसी कड़ी में विशेष बैठक आयोजित कर राजेन्द्र साहू को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर संगठन के सदस्य ब्रजराज रजक, कोषाध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष धनीराम दुरी प्रकाश भैना, शिवपोर्ते, पुष्पा साहू आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### मंजू अग्रवाल



**करगीरोड कोटा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक डॉ राम अग्रवाल की धर्मपत्नी मंजू अग्रवाल का 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया, जिनकी अंतिम यात्रा गुरुवार दोपहर 3 बजे उनके निजी निवास कोटा से रेलवे स्टेशन मुक्तिधाम तक निकाली गई। वे डॉक्टर नवीन अग्रवाल, टीनू अग्रवाल की मां एवं वेंकट लाल अग्रवाल पार्षद की भाभी, मनोज अग्रवाल ,मनीष अग्रवाल की चाची थीं।

# नर्मदा कुंड सूखने से श्रद्धालुओं में निराशा, नगर के लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



लगातार कम हो रहे जल स्तर के कारण जहां नलकूपों का पानी रसातल में चला गया है, वहीं बेलपान धार्मिक स्थल में स्थित नर्मदा कुण्ड का जल स्त्रोत सूख गया है। लिहाजा आसपास के श्रद्धालुओं को कुंड में बिना डूबकी लगाए ही वापस लौटना पड़ रहा है।

नगर से 10 किलो मीटर की दूरी पर स्थित आस्था और विश्वास की धर्मस्थली बेलपान नर्मदा कुण्ड में हर वर्ष माघ पूर्णिमा के महीने में आठ दिन का मेला लगता है। आसपास के क्षेत्र सहित दूर से ग्रामीण बेलपान मेले में पहुंचकर नर्मदा कुंड में आस्था की डूबकी लगाते हैं। गर्मी की शुरुआत में ही यहां के साथ नगर में पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि मच गई है। जलस्तर लगभग डेढ़ सौ से दो सौ फीट तक पानी नीचे चला गया है, जिससे पानी के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं धार्मिक और आस्था का केंद्र बेलपान कुंड में भी जल स्तर कम हो जाने के कारण के कारण बेलपान कुंड सूख गया है। स्थिति यह है कि धर्म प्रिय और बेलपान कुंड के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालु निराश हो गए हैं। कुंड से निकलने वाला पानी आसपास के गांवों में भी पहुंचता था, लेकिन कुंड के सूख जाने के कारण ग्राम चोरमा, टिहुला सहित अन्य गांवों की नदियां भी सुख गई हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है।



उपकेंद्र का लोकार्पण करते हुए विधायक।

# विधायक ने किया पावर ट्रांसफार्मर का लोकार्पण, बिजली आपूर्ति में होगा सुधार

**सीपत।** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिल्हाटी में 3.15 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिसका लोकार्पण सोमवार को मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने किया। नए ट्रांसफार्मर के लगने से क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगा।

विधायक लहरिया ने कहा कि पुराने ट्रांसफार्मर की सीमित क्षमता के कारण गर्मी के मौसम में स्थानीय निवासियों को बिजली आपूर्ति में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह नया ट्रांसफार्मर न केवल बिजली की समस्या को हल करेगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यतः इस कार्य से चिल्हाटी, जोंधरा, कुकुरदी, चिस्दा, भिलौनी, गोपालपुर जैसे ग्रामों के उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्याएं क्षेत्र में नहीं होंगी। इसी तरह की पावर ट्रांसफार्मर उपकेंद्र विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र में स्थापना कराया जाएगा जिसे सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति ठीक ढंग से पूरे मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सही समय पर सिंचाई व्यवस्था के लिए बिजली की आपूर्ति किया जा सके और स्कूली छात्र-छात्राओं को अध्ययन के लिए बिजली की व्यवस्था हो सके।

■ सबस्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से मिलेगी पर्याप्त सप्लाई

विधायक दिलीप लहरिया के अथक प्रयासों से मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत लगभग 55 लाख रूपए की लागत की राशि से एक अतिरिक्त 3-15 एमवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाया गया। पावर ट्रांसफार्मर उपकेंद्र बनने से ग्राम पंचायत चिल्हाटी के आसपास के 28 ग्रामों के लगभग 8 हजार उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। इस मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हांफा के नृसिंहनाथ मंदिर में प्रज्ज्वलित होंगे ज्योति कलश



**सकरी।** बिलासपुर से मात्र 7 किलो मीटर की दूरी पर स्थित हांफा ग्राम में बघर्रा पाठ महाराज भगवान नृसिंह देव जी का भव्य मंदिर है। यहां के आचार्य धनेश उपाध्याय जी ने बतलाया की शारदीय एवं चैत्र दोनों ही नवरात्रि पर्व पर मंदिर में आस्था के ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होते हैं। इस बार हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि पर्व तिथियों में परिवर्तन के कारण 8 दिनों का होगा जो 30 मार्च दिन रविवार से 6 अप्रैल तक रहेगा, जिसकी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इस दौरान मंदिर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, जसजीत एवं प्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रविवार 30 मार्च को सुबह मांगलिक स्नान द्वार पूजन घट स्थापना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होगा एवं शनिवार को अष्टमी पूजन अष्टमी हवन एवं 6 अप्रैल दिन रविवार को कन्या भोज के बाद ज्योति कलश का विसर्जन होगा।

# खाद्य विभाग के शिविर में नए लाइसेंस के लिए 50 आवेदन

**तखतपुर।** हर व्यापारी को चाहिए कि वे जिस खाद्य सामग्री का विक्रय कर रहे हैं उसके लिए समय से पहले खाद्य लाईसेंस बनवा लें। साथ ही व्यापारियों को इस बात का भी ख्याल रखना चाहिए कि जिनका लाइसेंस हैं उन्हें एक्सपायर होने से पहले ही लाइसेंस का नवीनीकरण करा लेना चाहिए।




खाद्य विभाग द्वारा इसके लिए समय-समय पर खाद्य शिविर और लाईसेंस निर्माण और नवीनीकरण के लिए शिविर लगाए जाते हैं। उक्त बातें खाद्य इंस्पेक्टर अविशा मरावी ने तखतपुर अग्रसेन भवन में आयोजित शिविर में कही। गुरुवार को तखतपुर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शिविर लगाया गया जिसमें लगभग नए लाइसेंस बनाने के लिए 50 आवेदन एवं नवीनीकरण के लिए 10 से भी अधिक आवेदन प्राप्त हुए। शिविर को संबोधित करते हुए महासंघ अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर ने कहा कि व्यापारियों को जागरूक होना चाहिए और समय पर अपने खाद्य लाइसेंस का नवीनीकरण कराना चाहिए। साथ ही जिन व्यापारीयों ने खाद्य लाइसेंस नही बनवाया है उन्हें समय रहते बनवा लेना चाहिए। इस अवसर पर खाद्य इंस्पेक्टर अविशा मरावी, निखिल साहू, निधी जायसवाल, फुड सेप्टी मित्र राजीव लोचन जायसवाल, रामेश्वर जोशी, मोहन अग्रवाल, राजकुमार शिवहरे, प्रमोद सिंघानिया, राजेश अग्रवाल, अभिलाष टेकवानी, अभिषेक रमानी, संदीप सक्सेना, प्रतिक अग्रवाल, महेश जायसवाल, सतीश मंदानी, टेकचंद कारड़ा, राकेश कुमार देवांगन, शरद देवांगन, योगेश कारड़ा, अनिल देवांगन, मोहम्मद मुनीर, नीरज जायसवाल, ज्ञानेश धुरी, अजय गुप्ता, नानू देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे थे 33 कर्मचारी, नोटिस

**कोटा।** कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर एसडीएम कोटा नितिन तिवारी ने अपने सबडिवीजन के 3 बड़े कार्यालयों का सुबह 10 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया।कार्यालय खुलने के समय तक 33 अधिकारी और कर्मचारी नहीं पहुंचे। उन सभी को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है।अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोटा द्वारा अनुविभाग के कर्मचारियों को कार्यालयीन समय पर उपस्थिति को देखते हुए दिनांक 19 मार्च को जनपद कार्यालय कोटा, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, तहसील कार्यालय एवं विकासखण्ड स्त्रोत कार्यालय कोटा का प्रातः 10 बजे निरीक्षण किया गया, जिसमें जनपद कार्यालय कोटा के 14 कर्मचारी व अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास कोटा के 15 कर्मचारी एवं बीआरसी के 04 कर्मचारियों को समय पर उपस्थित नहीं होने के फलस्वरूप कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 24 घंटे के भीतर जवाब देने हेतु निर्देशित किया गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर एक दिवस की वेतन कटौती की कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर ने ली नवनिर्वाचित सरपंचों की समीक्षा बैठक

**मस्तूरी।** जनपद पंचायत मुख्यालय स्थित सत्कार भवन में कलेक्टर अवनीश शरण, जिला सीईओ संदीप अग्रवाल एवं एसपी रजनेश सिंह ने नव निर्वाचित सरपंच एवं मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली।

कलेक्टर ने नवनिर्वाचित सरपंचों को शुभकामनाएं देते हुए केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं सहित विभिन्न विकास कार्य करने की योजनाओं के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही ग्राम पंचायत को संचालित करने व पंचायत में विकास कार्य कराने के टिप्स भी दिए। समीक्षा बैठक में पहुंचे कलेक्टर अवनीश शरण ने मस्तूरी क्षेत्र में भीषण जल संकट की समस्या को देखते हुए 20 मार्च से खूंटाघाट डेम से पानी छोड़ाने की घोषणा भी की। आगामी 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिलासपुर आगमन को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से विस्तार पूर्वक जानकारी लेकर तैयारियां के संदर्भ में समीक्षा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह ने कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। इस अवसर पर सीईओ जेआर भगत सहित मुख्यालय के समस्त पंचायत अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




सरपंचों की बैठक लेते कलेक्टर।

# सीपत, मस्तूरी को नपं बनाने लहरिया ने सदन में उठाया मुद्दा

## परीक्षण जारी, जल्द लाया जाएगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सीपत व मस्तूरी को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने का मामला मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के विकास को रफ्तार मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करने सीपत व मस्तूरी को नगर पंचायत का दर्जा दिया जाना जरूरी है। विधायक लहरिया के सदन में मुद्दा उठाए जाने के बाद जिला प्रशासन ने भी प्रस्ताव को भेजने की तैयारी कर ली है। दो साल पहले दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूरी करने के बाद फिलहाल उसका परीक्षण किया जा रहा है। मस्तूरी व सीपत को नगर पंचायत बनाए जाने के संबंध में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने फिर से सदन में मुद्दा उठाया है। उन्होंने डिप्टी सीएम अरुण साव से मामले में पूछा कि ग्राम पंचायत मस्तूरी व सीपत को नगर पंचायत बनाए जाने नगरीय निकाय विभाग ने क्या कार्रवाई की है। दोनों को नगर पंचायत कब तक बनाया जाएगा। इस सवाल का जवाब देते हुए डिप्टी सीएम साव ने जानकारी दी कि मस्तूरी व सीपत को नगर पंचायत बनाने शासन की अधिसूचना के अनुसार 25 सितंबर 2023 का प्रारंभिक प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में कराया गया है। इसी तरह सीपत को नपं बनाने प्रारंभिक प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में 29 सितंबर 2023 को कराया गया। इस मामले में 16 अक्टूबर 2023 तक दावा आपत्ति मंगाई थी। दावा आपत्ति व उनके निराकरण उपरांत कलेक्टर से प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इस मामले में कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि मस्तूरी व सीपत को नगर पंचायत बनाने प्रस्ताव का परीक्षण जारी है। शासन को जल्द प्रस्ताव भेजेंगे।





# धूमधाम से मनी रंग पंचमी फाग गीतों पर झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोपका

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली एवं रंग पंचमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। ग्रामीण अंचलों में रंगों का पर्व धूल पंचमी धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने रंग गुलाल के साथ धूल कीचड़ से भी जमकर होली खेली। इसमें बच्चे महिलाएं युवा बुजुर्ग सभी शामिल थे। सभी अपने घरों में पकवान बनाए और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिले। यह त्यौहार मोपका के अलावा बिजौर, नंगोई, गुलाब नगर, विवेकानंद नगर, सिटी पार्क, हाउसिंग बोर्ड गतौरा सहित अनेक जगहों पर मनाया गया।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी विलेख पंजी. क्रमांक 222202151388, दिनांक 01/04/2024 के अनुसार अग्रवाल वेंचर फर्म में दो साझेदार श्री अंकित अग्रवाल और श्री आतिश अग्रवाल के माध्यम से व्यापार एवं लेनदेन किया जा रहा था। यह कि दिनांक 12/02/2025 से उक्त फर्म में संशोधन कर दिया गया है जिसके अनुसार अब साझेदारी विलेख दिनांक 12/02/2025 के अनुसार उक्त फर्म में श्री राजेंद्र सिंह राजपूत और श्री मनीष लहोरानी को सतत साझेदारों के सहमति से जोड़ा गया है। वर्तमान साझेदार इस प्रकार है 1. श्री अंकित अग्रवाल 2. श्री आतिश अग्रवाल, 3. श्री राजेंद्र सिंह राजपूत 4. श्री मनीष लहोरानी अतः उपरोक्त संशोधन बाबत सर्व साधारण हेतु यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।

**वास्ते**
**अग्रवाल वेंचर**
**साझेदार- अंकित अग्रवाल**
**पता- आनंद भवन, सुमंगल अपार्टमेंट के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म अग्रवाल वेंचर फर्म, लैंडमार्क काम्पलेक्स करबला रोड, ओल्ड बस स्टैण्ड, बिलासपुर (छ.ग.) साझेदारी विलेख पंजी. क्रमांक 22202151388, दिनांक 17/03/2021 के पंजीकृत कार्यालय को संशोधित विलेख पंजी क्रमांक 22202151388002, दिनांक 01/04/2024 से स्थानांतरित कर दिया गया है। नया पता निम्न अनुसार है नया पता आनंद भवन, सुमंगल अपार्टमेंट के पास लिंक रोड बिलासपुर (छ.ग.) अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01/04/2024 से हमारी फर्म के सभी आधिकारिक पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यकलाप अब नए पते आनंद भवन, सुमंगल अपार्टमेंट के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.) से संचालित किए जाएंगे। अतः उपरोक्त संशोधन बाबत सर्व साधारण को यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।

**वास्ते**
**अग्रवाल वेंचर**
**साझेदार- अंकित अग्रवाल**
**पता- आनंद भवन, सुमंगल अपार्टमेंट के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

### ईश्तहार

क्रमांक/क/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 07/03/2025
रा.प्र.क्र...../ब-121/2024-2025
ग्राम देवरीखुर्द

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम देवरीखुर्द .प.ह.न. 43 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुनिता सिंह पिता/पति हिरा लाल निवासी ग्राम देवरीखुर्द के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/स्वय/अन्य के लिए स्वयं सुनिता सिंह पिता/पति हिरालाल निवासी देवरीखुर्द की जन्म दिनांक 26/01/1983 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 01/04/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा समलपुरी प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नम्बर 736/17 रकबा 0.02 एकड़ /0.008 हेक्टेयर वर्ष 2013 के पूर्व राकेश तिवारी पिता श्री छेदीलाल तिवारी के नाम पर थी जिसे क्रेता श्रीमती गीतादेवी रात्रे पति श्री देवीप्रसाद रात्रे जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम खम्हरिया तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर के द्वारा क्रय की थी। दिनॉक 30.10. 2013 को श्रीमती गीतादेवी रात्रे द्वारा क्रेता राजेन्द्र प्रसाद साहू पिता श्री जगदीशी प्रसाद साहू जाति तेली निवासी ग्राम समलपुरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के पास विक्रय कर दिया गया। श्रीमती गीतादेवी रात्रे द्वारा पूर्व में क्रय किये रजिस्ट्री पेपर की मूल प्रति राजेन्द्र प्रसाद साहू को दिया था जो समलपुरी-सकरी मार्ग में कही गिर जाने से गुम हो गया है जिसकी थाना प्रभारी सकरी में दिनॉक 18.03.2025 को सूचना दी गई है। मौजा समलपुरी प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नम्बर 736/17 रकबा 0.02 एकड़/0.008 हेक्टेयर की रजिस्ट्री पेपर गुम होने की सूचना इस आम सूचना के माध्यम से प्रकाशित की जा रही है।
सो सूचना जाने।

भवदीय
राजेन्द्र प्रसाद साहू
निवासी पेंशनबाडा कॉलोनी ग्राम समलपुरी
तहसील सकरी जिला बिलासपुर
मो. 9033668114

## गुमशुदा



नाम-नंदकुमार बंजारे, उम्र-लगभग 26 वर्ष, दिनांक 28.11.2024 को तालापारा, मिनीमाता नगर, बिलासपुर (छ.ग.) से बिना बताये कही चला गया है। जिनका अता-पता अभी तक नहीं चल पाया है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को इनके बारे में जानकारी मिले कृपया कर इन नंबरों पर संपर्क करें **9109599533**

**जानकारी देने वाले को 5000 दिया जायेगा।**

### ईश्तहार खण्ड सूचना

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मैं शैलेश अग्रवाल पिता श्री मदन लाल अग्रवाल निवासी विनोबा नगर वार्ड थाना तारबाहर जिला बिलासपुर छ.ग. का रहने वाला हूँ। मेरे पूर्व परिचित व्यक्ति संजय अग्रवाल जो कि तोरवा मे निवासरत है और प्रापर्टी डीलिंग का काम करते है, इनके द्वारा मुझे कहा गया कि मेरे पास मौजा ग्राम किरारी तहसील मस्तुरी मे रजिस्ट्रीयुक्त एवं अनुबंधित भूमि लगभग 6 (छः) एकड़ भूमि होना बताया और विक्रय करने की बात कही। जिस पर मैने भूमि को देखने ग्राम किरारी गया और भूमि क्रय करने पर सहमति जताई। उपरोक्त भूमि जिसका खसरा नंबर 713/5, 713/6, 713/7 713/8, 718/1, 718/7, 718/8, 718/12, 721/8, 721/5, 724/4, 724/5, 726/1 कुल रकबा लगभग 06 एकड स्थित है।

यह कि उपरोक्त भूमि को कय करने की हेतु हम उभय पक्षो के द्वारा आपसी सहमति से विक्रय संब्रधी बातो पर भूमि का कूल सौदा कीमत 4,29,00,000/- प्रति एकड़ 71,50,000/- (इखत्तर हजार पचास हजार रुपये) की दर से विक्रय करेगे कहा गया और उपरोक्त विक्रय का इकरारनामा दिनांक 02.06.2023 को 50/-रु के गैर न्याधिक स्टाम्प क्रमांक-AA940709 पर लिखा पढी नोटराइज्र्ड नोटरीकर्ता अधिवकत श्री वरूण कुमार पाण्डेय के समक्ष उभय पक्षो के हस्ताक्षरयुक्त दर्ज कर बतौर बयाना राशि 1,00,00,000/- (एक करोड़ रुप्ये) दी गई जिसमें 80,00,000/- (अस्सी लाख रुपये) जो कि संजय अग्रवाल, उनकी पत्नी श्रीमती निर्मला अग्रवाल, उनकी बेटी साक्षी अग्रवाल के खाते में 10 चेक के माध्यम से जो कि एसबीआई बैंक शाखा-जिला बिलासपुर का एवं राशि 20,00,000/- (बीस लाख रुपये) नगद दो गवाहो के समक्ष दिया गया। उपरोक्त भूमि की रजिस्ट्री इकरारनामा दिनांक से 02 माह के भीतर सीमांकन कराये जाने के बाद क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री निष्पादन की सहमति कर इकरारनामा लिखाया गया था। उपरोक्त भूमि के सीमांकन कराये जाने के लिए आवेदक के द्वारा संजय अग्रवाल से कहा तो संजय अग्रवाल उपरोक्त भूमि के सीमांकन कराये जाने के नाम पर आज कल कर लगातार घुमाता रहा फिर मेरे द्वारा अनुबंध मे लिखित खसरे की भूमि की जानकारी ली गई, जिससे हमें यह जानकारी हुई कि इसमें से कई खसरा भूमि का अनुबंध नहीं है और संजय अग्रवाल के नाम पर रजिस्ट्री नही है। यह जानकारी संजय अग्रवाल को दी तो संजय अग्रवाल के द्वारा कुछ जमीन को अपने और अपने परिवार के नाम पर रजिस्ट्री कराई गयी। मेरे द्वारा पुन: इकरारशुदा भूमि के रजिस्ट्री कराये जाने की बात कही तो संजय अग्रवाल ने 2.75 एकड़ भूमि से अधिक भूमि देने से इंकार कर दिया गया, जबकि स्पष्ट तौर पर इकरारनामा मे 6 एकड़ भूमि का उल्लेख कर बयाना राशि प्राप्त किया गया है। उसके बाद भी आपसी सहमति के आधार पर संजय अगवाल के द्वारा बताये गये रकबा 2.75 एकड़ भूमि को कय करने सहमति दे दी थी, लेकिन संजय अग्रवाल के द्वारा उक्त भूमि में किसी व्यक्ति से विवाद एव उपरोक्त भूमि मे से गैस पाईप लाईन निकलने की बात छिपायी गयी एवं पूर्व भू-स्वामी परदेसी की भी रकम नही दी गई है, जिसका प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष विचराधीन है। मेरे द्वारा उपरोक्त रकबा 2.75 ए. में से विवादरहित भूमि की मांग की गई, इस पर संजय अग्रवाल के द्वारा भूमि का रजिस्ट्री नही कराया गया और आज दिनांक तक उपरोक्त भूमि के रजिस्ट्री कराये जाने पर लगातार हीला हवाला किया जा रहा है।

यह कि उपरोक्त भूमि के रजिस्ट्री कराने पर हीला हवाला करने के नाम पर थाना मे शिकायत दर्ज करने की बात कही तो विगत 15 दिन पूर्व संजय अग्रवाल के द्वारा रकम बैक ब्याज के साथ या जमीन रजिस्ट्री करने की बात की गई तो पुन: अपने अधिवक्ता सुवेन्दु नस्कर के माध्यम से नोटिस भेजकर परेशान किया जा रहा है। उनके इस रवैया से मै मानसिक, शारीकिर एव आर्थिक रुप से पूरेशान एवं प्रताडित हो रहा हूँ तथा मै आज दिनांक को भी उपरोक्त इकरारशुदा भूमि के रजिस्ट्री कराये जाने पर सहमत हूँ, उसके बाद भी संजय अग्रवाल द्वारा दिनांक 10.03.2025 को पेपर प्रकाशन के माध्यम से ईश्तहार में मेरे द्वारा रजिस्ट्री नही कराये जाने, फोटो चस्पा नही किये जाने, आधार कार्ड संलग्न नही होने, इकरारनामा त्रुटि होने का हवाला देकर प्रेषित किया गया है, जो कि अमान्य है। मैं भूमि के रजिस्ट्री कराये पर सहमत हूँ तथा मेरे नाम पर रजिस्ट्री कराया जाना न्यायोचित है।

अत: इस ईश्तहार के माध्यम से संजय अग्रवाल द्वारा दिये गये ईश्तहार का खण्डन कराकर अपने नाम पर उपरोक्त भूमि का रजिस्ट्री कराना चाहता हूँ, जिस हेतु संजय अग्रवाल द्वारा दिये गये ईश्तहार का खण्डन किया जावे।

आवेदक
शैलेश अग्रवाल
पिता श्री मदन लाल अग्रवाल
निवासी विनोबा नगर थाना तारबाहर
जिला बिलासपुर (छ.ग.) मो.9981997653

न्यायालय नायब तहसीलदार-3 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक /Q/अ.तह./वा./2025
बिलासपुर दिनांक 10/03/2025

ग्राम जरहाभाठा के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम प.ह.न. 38 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 67/2 रकबा 0.04 एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री अंजना देवी सामुएल आ. संतोष सामुएल निवासी जरहाभाठा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 28/03/25 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉंक 10/03/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.

**राजस्व मामले में नोटिस**

**ईश्तहार:-**

स.प्र.क्र. 20241107080066/ब-121/ 2024 -25, ग्राम चनाडोंगरी, प.ह.नं. 23, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.
प्रति,
1. रामकिशन स्व. गंगा राम पिता स्व. रामनारायण
2. बुधवारा बाई पति स्व. गंगाराम दोनों जाति तेली साकिन चनाडोंगरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

मलखाम **बनाम** रामकिशन वगै.

एतद् द्वारा ग्राम चनाडोंगरी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मलखाम पिता रमचंदिया जाति मरार साकिन चनाडोंगरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम चनाडोंगरी प.ह.नं. 23 रा.नि.म. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 137/1 रकबा 0.0680हे. पर से विक्रेता रामनारायण पिता बहोरिक का नाम विलोपित करते हुए आवेदक का नाम ऑनलाईन रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 9/04/2025 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दाव आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार तखतपुर**

न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न. - 00032 सरकंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202425400107900142

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम सरकंडा के वर्तमान भूमिस्वामी सुबोध पाण्डेय पिता/पति सुशील कुमार पाण्डेय पता-सा देह भूमि स्वामी ऐश्वर्या पाण्डेय पिता/पति ओमप्रकाश पाण्डेय पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 428/12 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ऐश्वर्या पाण्डेय पिता/ पति ओमप्रकाश पाण्डेय पता जोरापारा सरकंडा के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/03/2025 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार**
**Neha Vishwakarma**
**Tahsil-Bilaspur**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

### आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-340 मूल आबंटी श्रीमती अनिता मिश्रा पिता श्री विशंभर नाथ पाण्डेय के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 01.12.2011 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्री दीपक सिंह राजपूत पिता श्री कन्हैया सिंह राजपूत को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

### आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-320 आबंटी श्रीमती कल्पना दुबे पति श्री सुदर्शन दुबे के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 03.01.2012 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 08.10.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री संगीता चंद्राकर पति श्री कपिल कुमार चंद्राकर के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00040 तिफरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202425400108600245

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम तिफरा के वर्तमान भूमिस्वामी प्रकाश देवांगन पिता/पति-रामखिलावन देवांगन पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 73/47 (0.0120) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता मोहित जेठमलानी पिता/पति- भाग चन्द जेठमलानी पता- सा यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/03/2025 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**Garima Thakur**
**बिलासपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 18.03.2025

श्री शुभम भारती आत्मज श्री दिलहरण उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बोदरी वा. क्र.-02 थाना चकरभांठा तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी पूजा रोहरा आत्मजा श्री स्व. घनश्याम रोहरा (माता श्रीमती ममता रोहरा) उम्र 26 वर्ष ग्राम बोदरी वा. क्र.-07 थाना चकरभांठा तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 21.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



शुभम भारती



कुमारी पूजा रोहरा

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

## खबर संक्षेप

### 49 रेलकर्मियों को किया गया सम्मानित

**बिलासपुर।** 154 वीं रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन गुरूवार को अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में पूरे रेलवे के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के अशोक कुमार सूर्यवंशी सहित 49 रेल कर्मचारियों को राजभाषा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सतीश कुमार ने कहा कि सब साथ मिलकर हिंदी के प्रयोग व प्रसार के लिए जब सार्थक प्रयास करेंगे तभी देश के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकेंगे। रेलवे से संबंधित सभी संरक्षा व सुरक्षा के साहित्य का हिंदी अनुवाद किया जाना आवश्यक है।

### नवरात्रि में नौतनवा का मैहर में स्टापेज

**बिलासपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि के अवसर पर नौतनवा एक्सप्रेस का स्टापेज मैहर स्टेशन में देने का निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश के मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला का आयोजन 30 मार्च से 12 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने गाड़ियों के मैहर में अस्थायी ठहराव दिए जाने का निर्णय लिया है। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर डिवीजन अंतर्गत दुर्ग से रायपुर, उसलापुर होकर नौतनवा जाने वाली एक्सप्रेस शामिल है। 18201 दुर्ग-नौतनवा द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 2 से 11 अप्रैल तक मैहर स्टेशन में 5.35 से 5.40 बजे तक और 18202 नौतनवा-दुर्ग द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 30 मार्च से 11 अप्रैल तक 1.55 से 2 बजे तक रोकी जाएगी।

### जोन को मिला ईट राइट स्टेशन सर्टिफिकेट

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशन को ईट राईट स्टेशन से प्रमाणित किया गया है। इस श्रेणी में अब गोंदिया भी शामिल हो चुका है। इसके पहले बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग को नवम्बर 2024 में यह सर्टिफिकेट मिल चुका है। यह उपलब्धि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग और परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण के बीच सहयोगात्मक प्रयास का परिणाम है। इस पहल के क्रियान्वयन की निगरानी बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने की है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### रेलवे विद्युत व संरक्षा विभाग में जांच शिविर

**बिलासपुर।** गुरुवार को बिलासपुर रेल मंडल चिकित्सा विभाग ने मंडल के वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी कार्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें दोनों विभाग के 52 कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान कर्मचारियों के रक्तचाप, मधुमेह, हाइट व वेट जांच के साथ विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें सात कर्मचारियों का टीकाकरण भी किया गया। शिविर में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शांति पूर्ति, चिकित्सा विभाग के केडी मानिकपुरी, अयोध्या सिंह सहित अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता की। इसमें चिकित्सक ने विभिन्न बीमारियों के लक्षण, प्रकार, बीमारियों से होने वाली हानियां व बचाव हेतु परहेज करने के अलावा अन्य स्वास्थ्य संबंधित परामर्श दिया।

**अव्यवस्था** | कोरोना काल के बाद बंद कर दी गई है वीआईपी से लेकर बुजुर्गों को दी जाने वाली 50 फीसदी छूट

# बुजुर्गों को किराए में छूट कोरोना काल से बंद, लेकिन अब मिलेगी लोवर बर्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेनों में सफर करनें वाले बुजुर्गों को दी जाने वाली 50 फीसदी छूट को रेल प्रशासन ने कोरोना काल से बंद कर रखा है। इसे शुरु करने के बजाय वीआईपी और बुजुर्गों सहित गर्भवती महिलाओं के लिए स्लीपर और एसी कोच में निचली बर्थ का कोटा प्रदान किया गया है, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कोरोना काल से पहले चलने वाली सभी ट्रेनों में वीआईपी से लेकर बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग, कैंसर पीड़ित मरीजों सहित छात्रों को रेलवे की ओर से किराए में विशेष छूट प्रदान की जा रही थी। इस



छूट का फायदा लेने के लिए यात्रियों को केवल अपने दस्तावेज बुकिंग के दौरान पेश करने पड़ते थे। किराए में विशेष 50 फीसदी छूट के साथ ही रेलवे बोर्ड के आदेश पर बुजुर्गों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग, कैंसर पीड़ित यात्रियों को लोअर बर्थ की सुविधा भी मिल रही थी।

कोरोना काल के बाद रेलवे ने स्पेशल के नाम पर ट्रेनों का परिचालन शुरु किया, जिसमें सारी सुविधाएं और छूट देना बंद कर दिया गया। डेढ़ साल के बाद स्पेशल ट्रेनें जब नार्मल चली तो लोगों को रेलवे की ओर से दी जाने वाली छूट मिलने की आस भी थी, जिसे रेलवे बोर्ड ने किसी भी स्टेशन और ट्रेनों में लागू नहीं किया। इसके कारण वर्तमान में भी समस्या से इन सभी यात्रियों को जूझना पड़ रहा है। रेल प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों व गर्भवती महिलाओं को यदि बर्थ उपलब्ध हो तो स्वचलित रूप से लोअर बर्थ आबंटित की जाती है, भले ही उन्होंने बुकिंग के समय कोई विशेष विकल्प न चुना हो।

### निर्धारित है कोच में बर्थ कोटा



रेलवे के अनुसार एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के स्लीपर और एसी क्लास में यात्रियों के लिए कोटा निर्धारित किया गया है। स्लीपर क्लास के प्रत्येक कोच में 6 से 7 लोअर बर्थ का विशेष कोटा, एयर कंडीशन 3 टियर थर्ड एसी के प्रत्येक कोच में 4 से 5 लोअर बर्थ, एयर कंडीशन 2 टियर एसी टू के प्रत्येक कोच में 3 से 4 लोअर बर्थ उपलब्ध है। यह सुविधा ट्रेन में कोचों की संख्या के अनुसार उपलब्ध कराई जाती है, जिससे यात्रियों को अधिकतम सुविधा दी जा सके।

### दिव्यांग के लिए आरक्षित कोटा



इसी तरह स्लीपर क्लास में चार बर्थ जिसमें दो लोअर बर्थ शामिल है और थ्री एसी, थ्री एसी इकॉनामी क्लास में चार बर्थ जिसमें दो लोअर बर्थ शामिल है। आरक्षित द्वितीय सीटिंग या एयर कंडीशन चेयर कार में चार बर्थ का आरक्षित कोटा दिव्यांग के लिए दिया जाता है। सफर के दौरान यदि लोअर बर्थ खाली रह जाती है तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और गर्भवती महिलाओं को आबंटित किया जाता है, जिन्हें पहले मिडिल या अपर बर्थ दी गई हो।

## अतिक्रमण हटाया गया...





गुरुवार को भी नगर निगम अतिक्रमण दस्ता का लिंगियाडीह और अपोलो सड़क पर बेजा कब्जा हटाने का अभियान चलता रहा। इस दौरान अतिक्रमण कर बनाए गए मकान व दुकानों को तोड़ा गया। अमले को विरोध का भी सामना करना पड़ा। निगम द्वारा अन्य जगहों पर भी बेजा कब्जाधारियों को भी हटाने समय समय पर अभियान चलाया जा रहा है।

वाहन और स्टाफ की कमी से जूझ रहा है बिजली विभाग


# गर्मी में ट्रांसफार्मर दे रहे जवाब, लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी के कारण बिजली ट्रांसफार्मरों का हाल बेहाल है, लोड बढ़ने के बाद विभाग के कामचलाऊ रवैये की पोल खुल रही है। ट्रांसफार्मर फेल हो रहे हैं और दिन के साथ ही रात में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। खास बात यह है कि पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं को पानी और हवा के लिए तरसना पड़ रहा है। सबसे खराब स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों की है, जहां वितरण केन्द्रों से निकलने वाली लाइनों में लगातार ट्रिपिंग हो रही है।

- लाइनों में लगातार हो रही ट्रिपिंग

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था सुस्त हो चुकी है, लो वोल्टेज और ट्रीपिंग की समस्या के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं आए दिन ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं। इसका



एक कारण अत्याधिक लोड बढ़ना है। क्षमता के अनुरूप बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर और फीडर लगाया है, लेकिन इसके बावजूद एक बढ़ी गर्मी के चलते लोड बढ़ चुका है। वहीं पंप कनेक्शनों से खेतों में लगातार पानी दिया जा रहा है, जिससे लोड कंट्रोल नहीं हो रहा है। बिजली विभाग लोड कंट्रोल करने ट्रैप कर रहा है, लेकिन इस काम चलाऊ तरीका साबित हो रहा है, ऐसे में रोजाना बिजली बंद होने और लो वोल्टेज के चलते पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है।

### स्टाफ की कमी है जिम्मेदार

बिजली की ट्रिपिंग और फीडर में फाल्ट आने के बाद उपभोक्ताओं के द्वारा वितरण केन्द्रों में शिकायत करते हैं, लेकिन लाइन स्टाफ की कमी के चलते सुधार और मरम्मत कार्य में काफी समय लग रहा है, जिसके चलते घंटों बिजली बंद रही है। तिफरा, सिलपहरी, हांफा, गनियारी, मस्तुरी, बिरकोना में बिजली का हाल बेहाल है। स्टाफ के साथ ही वितरण केन्द्रों में बिजली विभाग द्वारा प्रदत्त वाहनों की कमी बनी हुई है, जिसके चलते सुधार कार्य में विलंब हो रहा है।

### फील्ड पर की जाएगी चेकिंग

लोड सिडिंग की समस्या नहीं है, लेकिन 132 केवी सबस्टेशनों से ही सप्लाई में कमी है, जिसके चलते कहीं-कहीं दिक्कत हो सकती है लेकिन सभी जगहों पर ऐसी समस्या नहीं है। जिन जगहों पर लो वोल्टेज की समस्या आ रही है, फील्ड पर अधिकारी जा कर चेक करेंगे।

**-एके अम्बस्ट**, सीई, विद्युत विभाग

प्रधानमंत्री की सभा मोहभट्ठा में 30 को

# डेढ़ सौ मेटल डिटेक्टर से होगी सुरक्षा की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

30 मार्च को मोहभठ्ठा में आयोजित होने वाले पीएम के कार्यक्रम के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। सभास्थल में पार्किंग के लिए अलग-अलग जिलों के वाहनों के लिए अलग कलर कोडिंग की जा रही है, ताकि पार्किंग को लेकर किसी तरह की परेशानी न हो। समारोह में 2 लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना है। इनकी सुरक्षा के लिए डेढ़ सौ मेटल डिटेक्टर गेट पर लगाएं जाएंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर संभागायुक्त ने गुरूवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बिलासपुर एवं रायपुर संभाग के कलेक्टर, एसपी की बैठक ली। साथ में आईजी एवं सीसीएफ उपस्थित थे।

- कमिश्नर-आईजी ने वीसी के जरिए ली कलेक्टर-एसपी की बैठक

वीडियो कॉन्फ्रेन्सिग के जरिए बैठक लेते हुए संभागायुक्त महादेव कावरे ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में पूरे राज्य के हितग्राही शामिल होंगे। मोटे तौर पर 2 से 4 बजे के बीच कार्यक्रम होना प्रस्तावित किया गया है। सभास्थल के पार्किंग के लिए अलग-अलग जिलों के वाहनों के रूकने के लिए अलग कलर कोडिंग की जा रही है। पार्किंग स्थल एवं कार्यक्रम स्थल पर हितग्राहियों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था की जा रही है। श्री कावरे ने दोनों संभाग के कलेक्टरों को इस कार्यक्रम में समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। आईजी डा. संजीव शुक्ला ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में कोई भी व्यक्ति को बिना जांच के सभास्थल में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। लगभग डेढ़ सौ मेटल डिटेक्टर गेट सभास्थल पर स्थापित किए जाएंगे। लोगों को 2-3 घण्टे पहले पहुंचना होगा ताकि समुचित जांच के बाद उन्हें समयपूर्व प्रवेश मिल पाये।

सभास्थल पर जिला प्रशासन द्वारा बैठने एवं पानी की समुचित इंतजाम रहेगा। आईजी ने कहा कि लोग जिस बस में आएंगे, उनके प्रभारी को जिम्मेदारी दिया जाए कि जितने लोगों को लेकर आयेगा, उन सभी को सकुशल वापसी की जिम्मेदारी उसी बस प्रभारी की होगी। अस्वस्थ, बच्चे और बुजुर्ग लोगों को यथासंभव कार्यक्रम से दूर रखा जाये। समारोह में लगभग 2 लाख के लगभग हितग्राहियों के आगमन की संभावना है। 25 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े वाहन में लोग आ सकते हैं। उन सबके लिए सभास्थल के आस-पास 8 बड़े पार्किंग स्थल बनाये गये है। बिलासपुर के कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी रजनेश सिंह ने अब तक की तैयारी से सभी को अवगत कराया।



प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा करते अफसर।

# 199 का चेक लिया और जीरो जोड़कर निकाल लिया 1 लाख 99 हजार रुपए

**बिलासपुर।** महिला को लोन दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने 199 रुपए का चेक लिया। उसके बाद चेक में चार जीरो बढ़ाकर उनके खाते से 1 लाख 99 हजार रुपए निकाल लिया है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, मोपका निवासी मनीषा पवन पाण्डेय ने रिपोर्ट लिखाई। उन्हें लोन लेने की जरूरत थी। दैनिक अखबार में लोन दिलाने का पांप्लेट आया था। उन्होंने लोन की जानकारी लेने के लिए उसमें दिए नम्बर में फोन किया। उसके बाद एक युवक उनके घर आ गया और लोन दिलाने का झांसा देकर उनके लोन संबंधी दस्तावेज व 199 रुपए का चेक लिया। उसके बाद चेक में 4 जीरो बढ़ाकर उनके खाते से 1 लाख 99 हजार रुपए निकाल लिया गया है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### महिला से 1 लाख 10 हजार की ठगी, फरार आरोपी गिरफ्तार

महिला से 1 लाख 10 हजार रुपए की आनलाइन ठगी करने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, 28 फरवरी 2025 को मूलतः कोरबा हालमुकाम जूना बिलासपुर निवासी प्रतिभा महंत ने रिपोर्ट लिखाई। 10 अक्टूबर 2024 को उनके मोबाइल पर अनजान नम्बर से लिंक आया। गुगल कैप में रिव्यू पाईट डालने के नाम पर लिंक भेजा, जिसे खोलने पर उनके बैंक खाते से अलग अलग किश्तों में 1 लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर हो गया था। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई थी। साक्ष्य के अनुसार टिकरापारा मन्नू चौक निवासी प्रकाश सोनटेके पिता अशोक द्वारा आनलाइन ठगी करना सामने आया। पुलिस उसके घर में दबिश दी तो फरार हो गया था। गुरूवार को मुखबिर की सूचना पर टीआई श्री पाण्डेय, गोकुल जांगड़े, नरूल कादिर, धीरेन्द्र सिंह ने टिकरापारा चौक में घेराबंदी कर प्रकाश सोनटेके को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने ठगी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### परिवर्तित मार्ग से चलेगी वास्कोडिगामा-जसीडीह एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** 17321/17322 वास्कोडिगामा से जसीडीह जंक्शन के बीच चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन परिवर्तित मार्ग सिकंदराबाद स्टेशन के स्थान पर चर्लपल्ली स्टेशन होकर चलाई जाएगी। जानकारी के अनुसार दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों के मद्देनजर व भीड़ भाड़ को कम करने के लिए दपूमरे से होकर गुजरने वाली 17321/17322 वास्कोडिगामा-जसीडीह जंक्शन और जसीडीह जंक्शन से वास्कोडिगामा एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित कर सिकंदराबाद स्टेशन के स्थान पर चर्लपल्ली होते हुए किया गया है। 9 मई को वास्कोडिगामा से चलने वाली एक्सप्रेस और 15 मई को जसीडीह से चलने वाली ट्रेन को चर्लपल्ली रेलवे स्टेशन से चलाया जाएगा।

# ट्रक से टकराई कार, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ओवरटेक करने के फेर में तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

- ओवरटेक के फेर में हुआ हादसा

सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, जीपीएम खोड़री निवासी रमेश कश्यप के बेटा राजेश कश्यप की 18 मार्च को तबियत खराब हो गई। जानकारी होने पर आलोक जैन पिता स्व. लक्ष्मण राव जैन 56 साल, पिता पुत्र को गांव दामू यादव की कार क्रमांक सीजी 11 बीबी, 2298 से इलाज कराने के लिए बिलासपुर लेकर आए। इलाज कराने के बाद रात 11बजे वे कार से गांव लौट रहे थे। भरनी सीआरपीएफ कैम्प के आगे पोड़ी मोड़ में ड्राइवर तेजी से कार चलाते हुए सामने से जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश करने लगा। रफ्तार के चलते कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार आलोक जैन और रमेश कश्यप को गंभीर चोट आई।

सूचना पर डायल 112 से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नलिनेश जैन की रिपोर्ट पर कार चालक दामू यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# किराए में लेकर पिकअप को गिरवी रखा, दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किराए में लेकर पिकअप लेकर दूसरे के पास गिरवी रखने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मुंगेली कारेसरा शीतलदेह महामायापारा निवासी नरेन्द्र साहू पिता रामकुमार साहू की टाटा डीआई पिकअप क्रमांक सीजी 09 जेजे, 1198 को हितेन्द्र शर्मा पिता राजकुमार शर्मा दीनदयाल कालोनी, अजय सोनी पिता हरिशचंद सोनी टीकरीपारा तखतपुर को 14 जुलाई 2024 को 11 माह की अवधि के लिए 20 हजार रुपए मासिक किराया में दिए थे। उसके बाद दोनों उनके बिना अनुमति के उनके पिकअप को राजनांदगांव निवासी अजय सोनकर के पास गिरवी रखकर पैसा ले लिए है।

गाड़ी गिरवी रखने की जानकारी होने पर श्री साहू ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हितेन्द्र शर्मा, अजय सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।









20-MAR--REGNOL-pg-3-ALTOR_Layout 1 3/20/2025 11:26 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### नपा अध्यक्ष ने की महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा



**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में 19 मार्च को नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी भवन संचालन में होने वाले समस्याओं का जल्द ही निराकरण कराने तथा किराए में संचालित किए जा रहे आंगनबाड़ी भवनों के लिए नए भवन का मांग करने तथा सभी आंगनबाड़ी भवन में बांऊड्रीवाल निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराने शासन को प्रस्ताव प्रेषित किए जाने की चर्चा की गई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से पार्षद सूरज यादव, दिलीप सोनी, रामकिशोर देवांगन, गौरी श्रवण सोनकर, श्रीमती आयशा मकबूल खान एवं महिला एवं बाल विकास की अधिकारी, कर्मचारी तथा आगंनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गौशाला पहुंचे गौ सेवा आयोग अध्यक्ष पटेल



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त विशेश्वर सिंह पटेल का जिले के ग्राम पंचायत धनगांव च में बने श्रीकृष्ण गौशाला में पहुंचे। जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार व ग्रामीणों ने आयोग के अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग अध्यक्ष से प्रमुख विषयों पर चर्चा की। जिसमें गौठान को सरपंच या महिला समूह को देने के बारे में जानकारी दी गई। सरपंच के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा रखने वाले गोबर, गौमूत्र से रासायनिक खाद्य दवाई एवं अन्य कार्य सामग्री बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। जिससे कि क्षेत्र में रोजगार बढ़ेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच लप्पू पात्रे, उपसरपंच रघुराज सिंह, सरपंच नीरजाम, जितेंद्र साहू, सरपंच चातरखार रेस कुमार, चलान सरपंच बाबूलाल, जनपद सदस्य रघुराज सिंह, राजेश साहू, डीपीटी डायरेक्टर श्री त्रिपाठी, शत्रुघ्न सिंह, सारेस्वर सिंह, भगीरथ सिंह, नंदकुमार, आशीष और बजरंगदल के कार्यकर्ता दीपक, जयचंद, अमन, अंकित, श्रीकृष्ण गौशाला के सभी सदस्य उपस्थित थे। उपाध्यक्ष ऋतुराज सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, ऋषिराज सिंह, लोकेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, नीतेश सिंह, नवीन, संदीप सिंह, चन्द प्रकाश सिंह ठाकुर, विजय पटेल, कान्हा, दुर्गेश पटेल एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मांगों को लेकर पंचायत मंत्री से मिले जनपद अध्यक्ष



**मुंगेली।** नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने पंचायत मंत्री विजय शर्मा से मिलकर पड़ाव चौक स्थित जनपद के सराय भवन स्थित जमीन पर काम्पलेक्स सह सामुदायिक भवन के लिए 80 लाख रूपए एवं जनपद पंचायत के सभाकक्ष के लिए 50 लाख रूपए की मांग की जिस पर पंचायत मंत्री ने जल्द स्वीकृत करने आश्वासन दिया। जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सहित प्रदेश के आला नेताओ से सौजन्य मुलाकात भी की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित जिले के भाजपा नेता उपस्थित थे।

### जल्द होगी जिला, ब्लाक व बूथ स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्तिः जांगिड़



**मुंगेली।** कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ 20 मार्च को जिले के प्रवास पर रहे। जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कार्यक्रम को संबंधित करते हुए कहा कि जल्द ही जिला स्तर पर ब्लाक स्तर पर बूथ स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही मंडलों में नियुक्ति का नया अध्याय जोड़ा जाएगा। जिस पदाधिकारी को जो जिम्मेदारी प्रदान की जाएगी, उसका निर्वहन करना पडेग़ा। जिला संगठन प्रभारी आलोक सिंह ने कहा कि नगर पालिका में कांग्रेस का अध्यक्ष बना ये गौरव कि बात है आज हमारे बीच छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ हमारे बीच मौजूद हैं। जिनका संगठन में कार्य करने का काफी लंबा अनुभव है। जिसका लाभ जिले को भी मिलेगा। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि सह प्रभारी के इस दौरे से संगठन में नया जोश आया है। पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते ने कहा कि कार्यकर्ताओं में एकजुटता अतिआवश्यक है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने कहा कि जिला स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना है।

## बरेला नपं अध्यक्ष सहित 15 पार्षदों ने ली शपथ

# नगर पंचायत में बहेगी विकास की गंगाः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

नगर पंचायत बरेला के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। एसडीएम पार्वती पटेल ने अध्यक्ष नरेश पटेल के साथ समस्त 15 पार्षदों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का कुशल संचालन उमर कुरैशी तथा गौकरण डिंडोरे ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करे रहे विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि नरेश पटेल कई वर्षों से भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते आए हैं। आज भाजपा की सीट से इन्हें बरेला की जनता ने अध्यक्ष बनाया है। भाजपा की सरकार क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी, नगर में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी।

मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री अरुण साव ने कहा कि चुनाव से पहले मैंने शपथ ग्रहण समारोह में बरेला में आने का वादा किया था, जो आज पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा के समय से नरेश पटेल के साथ मेरी अटूट दोस्ती रही है। आज बरेला में भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ नगर सरकार बनाई है, यहां के विकास की गाथा इतिहास के पन्नों में लिखी जाएगी।



बरेला में पद की शपथ लेते निर्वाचित प्रत्याशी।

**इन्होंने किया शपथ ग्रहणः** नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, पार्षद नितेश कुमार पटेल, देहुती बबलू पटेल, जया पटेल, हीरा लाल पटेल, मुन्नी पवन पटेल, सुनीता विजय दीवान, प्रदीप ध्रुवंशी, संजय ध्रुवंशी, शेख जैनुल, विवेक दीप सेमरिया, जगदीप साहू, भगेला धुरी, राजकुमार साहू, पिंकी निर्मलकर, संजय निर्मलकर ने शपथ ग्रहण की।

**ये रहे मंचीय अतिथिः** शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व सांसद लखन लाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष दीना नाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, भाजपा मंडल अध्यक्ष बंटी जायसवाल, जनपद अध्यक्ष पवन पांडेय, जनपद अध्यक्ष राजकमल सिंह परिहार, शैलेश पाठक, सुनील पाठक, आशीष मिश्रा, राजेश सिंह, शौरभ बाजपेई, राकेश साहू आदि मौजूद रहे।

**इनकी भी रही उपस्थितिः** शपथ ग्रहण के दौरान विजय दीवान, पदमन क्षत्रि, राजेश सिंह बैस, बंटी सेमरिया, गोपाल सिंह बिसेन, शंभू साहू, डॉ रामकुमार साहू, बबलू साहू, नितेश भारद्वाज, एसडीएम पार्वती पटेल, तहसीलदार कुणाल पांडेय, तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार, नायाब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव, एकता ठाकुर, हरिचंद यादव, सीईओ चंद्रभूषण बांधे के साथ सैकड़ों नगरवासी मौजूद रहे।

## रोशनी बनीं गौरेला नगर पालिका की उपाध्यक्ष



**गौरेला।** गौरेला नपा उपाध्यक्ष का चुनाव नपा परिषद कार्यालय मे संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय जनता पार्टी की पार्षद रोशनी तापस शर्मा उपाध्यक्ष चुनी गईं। चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी रोशनी तापस शर्मा को 9 वोट व कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश साहू ने 6 वोट मिले। इस तरह रोशनी ने 3 मतों से जीत हासिल कर नपा गौरेला की उपाध्यक्ष बनीं। इसके पूर्व भाजपा पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी की उपस्थिति में भाजपा पार्षद दल की बैठक में सर्वसम्मति से रोशनी तापस शर्मा का नाम उपाध्यक्ष हेतु चुना गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे सहित सभी पार्षद उपस्थित थे। रोशनी शर्मा भाजपा के जिला मीडिया सह प्रभारी तापस शर्मा की धर्मपत्नी हैं एवं वार्ड क्र 10 से पार्षद हैं। रोशनी शर्मा की जीत पर उनके समर्थकों ने नगर पालिका कार्यालय और गौरेला के गांधी चौक में भव्य आतिशबाजी कर ढोल-नगाड़े के साथ जश्न मनाया। रोशनी ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा प्रदेश संगठन और जिला संगठन और अध्यक्ष मुकेश दुबे को दिया। उन्होंने कहा कि हम नगर के विकास के लिए पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, प्रदेश प्रतिनिधि कन्हैया सिंह राठौर, भाजपा नेता बृजलाल सिंह राठौर, रामप्रकाश सिंह, कुलदीप सिंह धीरज, पवन पैकरा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार रोहणी, सचिन जैन, भंवर सिंह गोवास, अजय तिवारी सहित बड़ी संख्या भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोदाम से लाखों का सामान चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर पालिका के गोदाम में चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। आरोपियों द्वारा चुराए हुए सामान 3 लाख से अधिक रुपए का सामान बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली अंतर्गत नगर पालिका परिषद कर्मचारी जल प्रदाय फील्ड प्रभारी नवीन दुबे पिता किशोर दुबे 12 मार्च को लगभग 10 बजे इंजीनियर प्रवीण साहू, विवेकरंजन तिर्की, नेमीचंद वर्मा, कोमल भास्कर एवं अन्य कर्मचारी के साथ कृषि उपज मंडी स्थित गोदाम गए। जिसका मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। गोदाम में रखी ब्रेकर मशीन, लगभग 1000 मीटर केबल वायर, 1 नग 7.5 एच.पी. सबमर्सिबल मोटर पंप, 1 नग सिलिंग फेन समेत 2 लाख 72 हजार 3 सौ रूपए का सामान अज्ञात चोर द्वारा चोरी लिया गया था। पुलिस ने धारा 305, 331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदेही दुर्गेश साहू, अजय यादव, लिकेश मेहर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। उन्होंने बताया कि 11-12 मार्च की दरमियानी रात कृषि उपज मंडी के पीछे नगर पालिका परिषद में जल प्रदाय गोदाम मेन गेट का ताला को छड़ से तोड़कर गोदाम में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने वहां रखे केबल वायर अलग-अलग रंग का, 01 नग सबमर्सिबल पंप, 1 नग ब्रेकर मशीन एवं 1 नग लकड़ी काटने का मशीन को चोरी कर केबल वायरों को अर्जुन कुर्रे कबाड़ी के पास 6 हजार रूपए में बेचना व सबमर्सिबल पंप को रावणभाठा में बांस झाड़ी के अंदर छिपाना तथा ब्रेकर मशीन एवं लकड़ी काटने के मशीन को आरोपी दुर्गेश साहू के घर में रखना बताए। आरोपियों के कथन के आधार पर 1000 मीटर केबल वायर को अर्जुन कबाडी के गोदाम अंदर से तथा सबमर्सिबल पंप को रावणभाठा के बांस झाडी के अंदर से तथा ब्रेकर मशीन व लकडी काटने का मशीन को दुर्गेश साहू के सरकंडा बिलासपुर स्थित घर से बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त चोरी का माल।

### राजनीतिक दलों की बैठक में लिए गए सुझाव

**मुंगेली।** मनियारी सभाकक्ष में लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्राप्त करने हेतु राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने की। उन्होंने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर चुनावी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाने हेतु सुझाव प्राप्त किए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) मुंगेली पार्वती पटेल भी उपस्थित रहीं। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदान केंद्रों की सुविधा सहित निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अहम मुद्दों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर श्रीमती प्रधान ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए निर्वाचन आयोग को भेजने की बात कही। इस अवसर पर सुनील पाठक, समारु भास्कर, रामायण दास जांगड़े, नारायण प्रसाद जांगड़े, कोटूमल दादवानी सहित विभिन्न दलों के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जनपद क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकताः राजकमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकमल सिंह ने जनपद पंचायत में अपने कक्ष में पदभार ग्रहण कर कार्य प्रारंभ किया। पदभार ग्रहण कर नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह ने कहा कि मुंगेली जनपद क्षेत्र में गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य उनकी प्राथमिकता है।



इस संबंध में वे ग्रामीण क्षेत्र निरजाम, डौकीदह, दामापुर, चलान, चातरखार, बाघामुड़ा आदि गांव का दौरा कर पानी टंकी, ट्यूबवेल आदि की जानकारी लेकर अधिकारियों से संपर्क कर समस्या के निदान में लगे हुए हैं। जनपद क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों में सामुदायिक शौचालय की स्थिति एवं जनपद की संपत्तियों की जानकारी एकत्रित कर उससे जनपद पंचायत की आय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ का कोई भी पात्र हितग्राही वंचित ना रहे, ये उनकी प्राथमिकता है। साथ ही जनपद पंचायत में सर्व सुविधायुक्त सभाकक्ष, पड़ाव चौक में सराय भवन स्थित जमीन पर काम्पलेक्स, जनपद की संपत्तियों को व्यवस्थित कर और सार्थक उपयोगिता जैसे काम करेंगे। उन्हे विभिन्न पदों पर कई दशकों का अनुभव रहा है इसलिए वे पूरी निष्ठा से अपने अनुभव का उपयोग क्षेत्र विकास के लिए करेंगे। साथ ही शासन की योजनाओ का बेहतर तरह से क्रियान्वयन हो एवं किसी भी ग्रामीण को कोई परेशानी ना हो इसका ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियो को देंगे।

# दिया ग्रुप के युवा मंडल ने की गायत्री परिवार के केंद्रीय प्रतिनिधियों से भेंट

**पेंड्रा।** गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 17 मार्च से 20 मार्च तक पेंड्रा धान मंडी में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन के दौरान केंद्रीय प्रतिनिधियों का पेंड्रा आगमन हुआ जिसमें प्रमुख केंद्रीय प्रतिनिधि मुख्य टोली नायक अरुण पराड़कर, सहायक टोली नायक, डी पटेल, गोरा प्रसाद साहू, बलिराम यादव, विनोद नेताम का आगमन हुआ।

स्थानीय युवा शाखा डिवाइन ग्रुप दिया एवं युवा मंडल के कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार से आए केंद्रीय प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट की। दिया के कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू ने प्रतिनिधिमंडल का गायत्री मंत्र के साथ दुपट्टा पहनाकर एवं तिलक चंदन लगाकर स्वागत किया। इस दौरान जिला संयोजक कंचन सिंह ने दिया जीपीएम के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं अभियान के विषय में केंद्रीय प्रतिनिधियों को अवगत कराया। मुख्य केंद्रीय प्रतिनिधि अरुण पराड़कर ने दिया मंडल के कार्यों का अवलोकन कर आगामी मिशन की गतिविधियों को तीव्र करने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर दिया छत्तीसगढ़ प्रांत सहसंयोजक ओमप्रकाश बलभद्र, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू, सुनीता बलभद्र, वरिष्ठ कार्यकर्ता गायत्री परिवार रामदास बलभद्र, सहसंयोजक सुनीता रजक, विमला बलभद्र, अभिषेक श्रीवास, सुषमा साहू, युवा प्रकोष्ठ से संतोष कुमार राठौर, प्रतिभा राठौर, जगदीश राठौर, प्रदीप थानेकर, कल्पना हलवाई, सावित्री श्रीवास, किरण पटेल, आदि मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रतिनिधिमंडल से भेंट की।



### बैतलपुर चंद्रखुरी में लगा शिविर की गई 61 मरीजों की जांच



**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड पथरिया के ग्राम बैतलपुर चन्द्रखुरी स्थित कुष्ठ कॉलोनी में कुष्ठ विकृति रोकथाम शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के संदेहास्पद मामलों की पहचान कर उन्हें समुचित उपचार प्रदान करना है। जिला क्षय-कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि शिविर में कुल 61 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 4 टीबी के संदेहास्पद मरीज, 01 कुष्ठ एमबी केस, 4 सर्दी-खांसी-बुखार के मरीज, 06 दाद-खाज-खुजली से पीड़ित, 19 रक्तचाप के मरीज, 01 कान संबंधी रोगी, 17 कमजोरी के मरीज एवं 9 पुराने कुष्ठ रोगी मिले। पुराने कुष्ठ रोगियों को सेल्फ केयर किट, चप्पल, दिया एवं जल तेल उपलब्ध कराकर आवश्यक उपचार दिया गया। वहीं, टीबी के संदेहास्पद मरीजों का बलगम एकत्र कर माइक्रोस्कोपी जांच के लिए भेजा जाएगा। सभी मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयाँ एवं परामर्श प्रदान किया गया। इसके साथ ही टीबी और कुष्ठ रोग से बचाव व नियंत्रण हेतु पाम्पलेट वितरण कर जागरूक भी किया गया।

## मवेशियों को पानी उपलब्ध कराने सूर्यवंशी समाज की पहल




**तखतपुर।** गर्मी के दिनों में मवेशियों को अपनी प्यास बुझाने पानी की तलाश लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, जिसको देखते हुए सूर्यवंशी समाज की ओर से वार्ड 4, 5 एवं अन्य जगहों पर पानी से भरा कोटना मवेशियों के लिए रखा जा रहा है। सूर्यवंशी समाज के अध्यक्ष जितेंद्र राज सूर्यवंशी ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि मूक प्राणी गर्मी के दिनों में पानी के लिए भटकते रहते हैं। आसपास के जल स्त्रोत सूख जाने के कारण मवेशियों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। ऐसे में नगर में कई स्थानों पर मवेशियों के लिए कोटना रखा गया है, साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रतिदिन कोटना को पानी से भर दिया करें ताकि मवेशी पानी के लिए न भटकें। इस अवसर पर पूर्व पार्षद टेकचंद कारड़ा, आशीष मसीह, बिंद्रा प्रसाद सिंगसरिया, विजय कांत भास्कर, जनक सूर्यवंशी, अजय केनार, विक्की केनार, महावीर केनार, टीकाराम खेर, होरी लाल, दीपक सूर्यवंशी, ज्वाला केनार, अनुपम सूर्यवंशी, भागवत सूर्यवंशी, टिल्ली केनार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रेम व सद्भाव बढ़ाता है होली का त्यौहार

# प्रेस क्लब में होली मिलन व जनप्रतिनिधियों का सम्मान

**बेलतरा।** रंग पंचमी के अवसर पर प्रेस क्लब बेलतरा द्वारा होली मिलन एवं क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह ग्राम पंचायत नेवसा के साहू भवन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा रहे एवं अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष बिलासपुर राजेश सूर्यवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, आरआई परमेश्वर साहू, समिति अध्यक्ष सुनील कश्यप, आरएमओ घनश्याम तिवारी, जिपं प्रतिनिधि जागेन्द्र कश्यप, जपं प्रतिनिधि कमला विजय साहू, साधुराम साहू समाजसेवी, प्रदीप पांडे सीपत, रवि ठाकुर रतनपुर, सरपंच माधवी उमेश साहू, नीलेश राव धौरामुड़ा, कृष्ण भारद्वाज जाली, बुद्धेश्वर कश्यप बसहा, गंगाराम साहू कड़री, कौशल कश्यप अनिल राव, ओम गिरी गोस्वामी, चित्र रेस परिहार बिलासपुर, श्याम सारथी, रमेश साहू शिक्षक प्रेस क्लब बेलतरा से रामरतन कौशिक, संतोष साहू, उमलेश जायसवाल, चंद्रशेखर बैसवाड़े, राधेश्याम कोरी, विजय कुमार साहू, पवन मिरी, मनोज निषाद, सुरेश कश्यप सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रेस क्लब सचिव राधेश्याम कोरी ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र के विकास हितु सकारात्मक कार्य करने की अपील की। विधायक प्रतिनिधि श्री गौरहा ने कहा कि कोई चलता पद चिन्हों पर, कोई पद चिन्ह बनाता है, पद चिन्ह बनाने वाला ही, दुनिया में पूजा जाता है अर्थात बेलतरा प्रेस क्लब का पंजीयन कर शुरुआत जिस तरह से किया है आने वाला दिनों इनकी भूमिका क्षेत्र में महत्वपूर्ण होगी। तहसीलदार शुक्ला ने कहा कि प्रेस क्लब बेलतरा ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन कर यह साबित कर दिया है कि एक दूसरे से प्रेम सद्भाव कैसे रखा जाता है। जिस तरह से रिपोर्टर अपनी लेखनी से बखूबी खबर को धारदार बनता है ठीक उसी तरह आज नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान कर उन्हें क्षेत्र की कार्य करने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए धारदार बना दिया है, यह बड़ी बात है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने कहा कि जिस तरह प्रेस क्लब के द्वारा लगातार कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है निश्चित ही यह प्रभावशील साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब संरक्षक रामरतन कौशिक के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष कमलेश जायसवाल एवं सचिव विजय साहू ने किया।




होली मिलन कार्यक्रम में शामिल नागरिक।

### अनिला ने की डॉ रमन सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात



**पथरिया।** जिला पंचायत मुंगेली अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 11 से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अनिला देवेंद्र सिंह राजपूत ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से उनके कार्यालय मे जाकर सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने डॉ रमन सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर अपने जिला पंचायत क्षेत्र के विकास हेतु आशीर्वाद मांगा और चुनाव के दौरान अपनी राजनीतिक गतिविधियों के बारे में चर्चा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अनिला राजपूत की जीत की बधाई देते हुए आगामी कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी। अनिला राजपूत ने अपनी ऐतिहासिक जीत के लिए भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को श्रेय दिया। इस अवसर पर मौजूद उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जीत को जमीनी कार्यकर्ताओं की लगन का नतीजा बताकर संगठन पदाधिकारियों की पीठ थपथपाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनिला राजपूत ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन से भी मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।